हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी

गुढ़ियारी, रायपुर



# जरा मटकी संभाल बृजबाला...

*रायपुर। जन्माष्टमी के दूसरे दिन देशभर में मटकी हांडी लूट हुई। मुंबई में जहां सैकड़ों फीट ऊंचाई पर दही हांडी लटकाई गई तो राजधानी रायपुर के गुढ़ियारी में सबसे बड़ी दही लूट स्पर्धा हुई। यहां 60 फीट की ऊंचाई पर दही हांडी लटकाई गई थी। इस दौरान सांसें रोके रखने वाला नजारा देखने को मिला, जब सोनझरा टीम का एक सदस्य मटकी फोड़ने के बाद हांडी के लिए बांधी गई रस्सी पर ही आधे घंटे तक पिरामिड के नीचे गिर जाने के कारण लटका रहा। बाद में रस्सी को नीचे कर उसे उतारा गया।*

मुंबई







## कोलकाता रेप और मर्डर केस को लेकर सड़क पर उतरे छात्र

# बंगाल में कोहराम, बरसती लाठियों और पानी की बौछार के बीच छात्रों का मार्च

*कोलकाता में ट्रेनी डॉक्टर के रेप और मर्डर के मामले में छात्र मंगलवार को सड़क पर उतर आए। सैकड़ों छात्रों ने मंगलवार को कोलकाता के दो स्थानों से 'नबन्ना अभियान' मार्च शुरू किया। इसे तितर-बितर करने के लिए पुलिस ने लाठीचार्ज किया और आंसूगैस के गोले छोड़े। इधर, भाजपा ने पुलिस मुख्यालय के बाहर धरना दिया, वहीं बुधवार को बंगाल बंद का ऐलान किया है।*



एजेंसी ▶▶| कोलकाता/नई दिल्ली

आरजी कर मेडिकल कॉलेज अस्पताल की एक महिला चिकित्सक से दुष्कर्म के बाद उसकी हत्या के मामले में निकाला गया। छात्र संगठनों की मांग है कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के इस्तीफे की मांग कर रहे हैं। वे घटना के लिए जिम्मेदार लोगों की गिरफ्तारी की मांग भी कर रहे हैं। नबन्ना पश्चिम बंगाल सरकार का सचिवालय है। हावड़ा मैदान इलाके में जीटी रोड पर पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच मंगलवार दोपहर उस समय फिर से झड़प हुई, जब प्रदर्शनकारियों ने 'नबन्ना अभियान' के तहत राज्य सचिवालय की ओर मार्च करने की कोशिश की। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए लाठीचार्ज किया। इस दौरान पानी की बौछारों और आंसू गैस का इस्तेमाल भी किया गया। प्रदर्शनकारियों ने सुरक्षा बलों पर पत्थर और ईंटें फेंकी। उन्होंने राज्य सचिवालय की ▶▶| शेष पेज 4 पर

- पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से मांगा इस्तीफा

### आज बंगाल बंद

अब बंगाल भाजपा ने बुधवार राज्यभर में बंद का आह्वान किया है। इतना ही नहीं बंगाल में पार्टी के अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने कहा है कि कोलकाता में छात्रों के नबान्न आंदोलन में जिस तरह की बर्बरता ममता सरकार की तरफ से दिखाई जा रही है, वह लोकतंत्र की छवि को गहरा नुकसान पहुंचाती है।



### नड्डा बोले-दीदी के बंगाल में बलात्कारियों का सम्मान हो रहा

कोलकाता में प्रदर्शनकारियों पर पुलिस बल की कार्रवाई पर बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा तीखी प्रतिक्रिया दी है। पश्चिम बंगाल की ममता सरकार की निंदा करते हुए जे पी नड्डा ने कहा कि दीदी के बंगाल में बलात्कारियों का सम्मान हो रहा है। बंगाल में महिला सुरक्षा पर बोलना अपराध है। कोलकाता पुलिस के कार्रवाई से लोगों के मन में गुस्सा है।

### सरकार ने लगाए 15-20 हजार पुलिसकर्मी

पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता सुवेंदु अधिकारी ने कहा कि निबन्न अभिजान रैली में शामिल प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए 15,000-20,000 पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं। उन्होंने कहा कि बंगाल की स्थिति बहुत नाजुक है। तीन जगहों पर एक लाख से ज़्यादा छात्र और आम लोग जमा हुए हैं। उनकी एक ही मांग है कि सीएम को अपने पद से इस्तीफ़ा दे देना चाहिए। झड़पों में प्रदर्शनकारी और पुलिसकर्मी दोनों घायल हुए हैं।

### एम्स से परामर्श करेगी सीबीआई

सीबीआई आरजी कर मेडिकल कॉलेज में प्रशिक्षु चिकित्सक से कथित बलात्कार और उसकी हत्या से संबंधित डीएनए और फॉरेंसिक रिपोर्ट पर अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान के विशेषज्ञों से परामर्श करेगा। सीबीआई मामले को पुख्ता बनाने के लिए अपनी रिपोर्ट एम्स भेजकर उसके विशेषज्ञों की राय लेगी।

### पुलिस अधिकारी का होगा पॉलीग्राफ टेस्ट

सीबीआई को महिला डॉक्टर के दुष्कर्म और हत्या के मामले में एएसआई रैंक के पुलिस अधिकारी अनूप दत्ता का पॉलीग्राफ परीक्षण करने की अनुमति मिल गई है। सीबीआई के सूत्रों के मुताबिक, इस परीक्षण का आदेश हाल ही में जारी किया गया है और इसे जल्द आयोजित किया जाएगा।

2640 रैंक के साथ कुणाल प्रथम

## सीजी नीट मेरिट लिस्ट जारी, इस बार टॉप टेन में सात लड़के

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सीजी की नीट मेरिट लिस्ट में इस बार लड़कों का दबदबा रहा है। 2640 रैंक के साथ कुणाल आजवानी ने प्रथम स्थान हासिल किया है, वहीं 3066 रैंक के साथ न्यासा उबेजा द्वितीय रही। टॉपटेन में सात लड़के तीन लड़कियां शामिल रहीं। मेरिट लिस्ट के आधार पर 30 अगस्त को सीटों का आवंटन किया जाएगा।



एमबीबीएस-बीडीएस एडमिशन की काउंसिलिंग प्रक्रिया के तहत पंजीयन पूर्ण होने के बाद मंगलवार को नीट में शामिल छत्तीसगढ़ के विद्यार्थियों की मेरिट लिस्ट जारी की गई। सूची में 5738 लोगों को शामिल किया गया है, जिसमें प्रथम स्थान पर 2640 के कुणाल आजवानी, 3066 के साथ न्यासा उबेजा, 3109 के साथ मेधाविद बरलोटा, 3870 राजीव लोचन अग्रवाल, 4142 प्रतीक्षा दास, अभिषेक सतपथी 4543, वेदांत सिंघानिया 5301, शिवपुरी गोस्वामी 5363, चंचल देवागंन 5864, शिप्र पाटीदार को 7474 रैंक के साथ दसवां स्थान मिला।

चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा अगले दो दिन में इस सूची के आधार पर मेडिकल और डेंटल कालेजों में एडमिशन के लिए अलॉटमेंट लिस्ट तैयार की जाएगी। 30 अगस्त को इसका प्रकाशन होगा और 31 अगस्त से 5 सितंबर तक प्रवेश की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। सूत्रों के मुताबिक इस बार राज्य के मेडिकल कालेज में एडमिशन के लिए नीट का प्राप्तांक बढ़कर 610 तक पहुंचने की गुंजाइश है। इस बार राज्य में दस शासकीय के साथ पांच निजी मेडिकल कालेजों में प्रवेश होना है। वहीं बीडीएस के लिए पांच निजी और एकमात्र शासकीय कालेज छत्तीसगढ़ में है।

## खबर संक्षेप

### पीएम मोदी करेंगे सिंगापुर की आधिकारिक यात्रा



**सिंगापुर।** सिंगापुर के विदेश मंत्री विवियन बालाकृष्णन ने घोषणा की है कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शीघ्र ही सिंगापुर की आधिकारिक यात्रा पर आएंगे। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, विदेश मंत्री एस. जयशंकर, वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव सहित चार सदस्यीय भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने द्विपक्षीय सहयोग पर चर्चा की।

### मणिपुर में केवाईकेएल के छह सदस्य गिरफ्तार



**इंफाल।** मणिपुर के इंफाल वेस्ट जिले से सुरक्षाबलों ने प्रतिबंधित संगठन कांग्लेई यावोल कान्बा लूप के छह सदस्यों को गिरफ्तार किया है। केवाईकेएल के छह सदस्यों को सोमवार रात जिले के अवांग पोत्संगबाम इलाके से गिरफ्तार किया गया। सुरक्षाबलों ने उनके पास से बंदूक पर लगाए जाने वाले तीन लेंस, सैन्य वर्दी, गोला-बारूद और चार पहिया वाहन बरामद किया है।

### 'अटल सेतु' से सात महीने में गुजरे 50 लाख वाहन



**मुंबई।** मुंबई को नवी मुंबई से जोड़ने वाले देश के सबसे लंबे समुद्री पुल 'अटल सेतु' को सात महीने पहले यातायात के लिए खोले जाने के बाद से उस पर से अब तक 50 लाख से अधिक वाहन गुजर चुके हैं। बस सहित 50,04,350 वाहनों ने 13 जनवरी से 26 अगस्त के बीच अटल सेतु का इस्तेमाल किया। उस अवधि में रोजाना औसतन 22,000 वाहन इस पुल से गुजरे।

### बांध से निकाला लापता विमान का मलबा



**जमशेदपुर।** भारतीय नौसेना के जवानों ने झारखंड के सरायकेला-खरसावां जिले में चांडिल बांध से, दो सीट वाले विमान का मलबा बाहर निकाल लिया है। यह विमान जमशेदपुर के सोनारी हवाई अड्डे से 20 अगस्त को उड़ान भरने के बाद विमान लापता हो गया था। एनडीआरएफ की टीम ने बृहस्पतिवार को पायलट कैप्टन जीत सतरू और प्रशिक्षु पायलट शुभ्रोदीप दत्ता के शव बरामद किए थे।

### लाठीचार्ज पर भूपेश बोले सत्ता उलटती-पलटती रहती है, एसपी समझ लें



*भिलाई में कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर लाठीचार्ज मामले में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने ट्विट कर दुर्ग एसपी को चेतावनी दी है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर वीडियो शेयर कर कहा, एसपी दुर्ग और उनके आका ठीक तरह से समझ लें। सत्ता उलटती-पलटती रहती है, काम ऐसे कीजिएगा कि भविष्य में आंख मिला सकें।*

### जो कानून तोड़ेगा उसके खिलाफ कार्रवाई होगी, चाहे कितना भी बड़ा क्यों न हो



*भूपेश बघेल के बयान पर भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष किरण देव ने कहा, बघेल और उनके साथियों पर जो भी मामले चल रहे हैं, वह प्रशासन के दुरुपयोग के हैं। भाजपा का स्पष्ट मत है कि कानून अपना काम करेगा, चाहे कोई कितना भी बड़ा आदमी हो उसे बख्शा नहीं जाएगा।*

## कांग्रेसियों का धरना, पुलिस ने भांजी लाठियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के काफिला को रोककर उनके सुरक्षा कर्मियों के साथ धक्का मुक्की के मामले ने तूल पकड़ लिया है। एक दिन पहले बजरंग दल और भाजपा के कार्यकर्ताओं ने भिलाई-3 थाने में प्रदर्शन करते हुए कांग्रेस नेताओं के खिलाफ अपहरण का केस दर्ज कराया, गुंडागर्दी का आरोप लगाया। वहीं मंगलवार को कांग्रेस कार्यकर्ता पूर्व मुख्यमंत्री के काफिले के साथ हुए दुर्व्यवहार के मामले में थाने पहुंच गए। उनकी गिरफ्तारी को लेकर भिलाई तीन थाना घेरने जा रहे कांग्रेसियों पर पुलिस ने लाठी चार्ज कर दिया। इस मामले में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने तल्ख टिप्पणी करते हुए एसपी पर कड़ा प्रहार किया।

घटना में जामुल टीआई कपिल देव पाण्डेय की नाक में चोट आई है। जिन्हें तुरंत उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। जहां उनके नाक का ऑपरेशन होना बताया जा रहा है। इसके बाद माहौल शांत होने पर कांग्रेसी नेता गिरीश देवांगन के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपने कांग्रेसी पहुंचे। इससे कांग्रेसियों द्वारा सिरसा चौक पर सभा का आयोजन किया गया। जिसमें भिलाई, दुर्ग और ग्रामीण के कांग्रेसी नेता शामिल हुए। धरने को लेकर पुलिस जानकारी लगने पर भिलाई थाना में सैकड़ों की संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया। इसके अलावा जगह-जगह बेरिकेट्स लगाकर कांग्रेसियों को आने से रोकने की तैयारी की गई, लेकिन कांग्रेसियों ने बेरिकेट्स को तोड़कर थाना परिसर पहुंचने में लगे हुए थे। लेकिन पुलिस ने उपद्रव मचाने वाले कार्यकर्ताओं पर जमकर लाठी चार्ज किया। जैसे ही पुलिस ने लाठी चार्ज किया सभी प्रदर्शन में पहुंचे कांग्रेसी इधर-उधर बिखर गए। कई कांग्रेसी तो पुलिस के साथ विवाद भी कर रहे थे। पुलिस ने उन पर भी लाठी बरसाई।



- बेरिकेट्स को तोड़कर थाना परिसर में पहुंचने लगे थे कांग्रेस कार्यकर्ता
- पुलिस ने लाठी चार्ज किया सभी प्रदर्शन में पहुंचे कांग्रेसी इधर-उधर बिखर गए

### भिलाई-चरोदा की राजनीति में उबाल

लंबे समय बाद भिलाई-चरोदा के राजनीतिक उबाल देखने को मिल रहा है। 24 अगस्त को पूर्व सीएम भूपेश बघेल अपने कार्यक्रम में शामिल होने के लिए निकले थे, तभी बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने उनके काफिले को रोक सुरक्षा कर्मियों के साथ धक्का मुक्की की। इसे लेकर विरोध व आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर पुलिस ने प्रदर्शन करने को लेकर पहले सूचना दी थी। ज्ञापन सौंपने के बाद पुलिस ने देर शाम बजरंगियों के नामजद जुर्म दर्ज किया। उसके बाद बजरंगियों की गिरफ्तारी की मांग करने लगे। समय पर गिरफ्तारी नहीं होने पर कांग्रेसियों ने प्रदर्शन करने में जुटे रहे। इस दौरान निगम सभापति कृष्णा चंद्राकर, अभिषेक वर्मा, नजरुल ▶▶| शेष पेज 4 पर

### वाहन से टकराया स्कार्पियो दंतेवाड़ा जिपं अध्यक्ष तुलिका समेत चार घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर जिले के परपा थाना क्षेत्र स्थित मेटावाड़ा मोड़ में मंगलवार दोपहर स्कार्पियो और वीआरवी वाहन के टकराने से दंतेवाड़ा जिला पंचायत अध्यक्ष तुलिका कर्मा समेत चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। तुलिका कर्मा व उनके पीएसओ को मेकाज में प्रारंभिक उपचार के बाद बेहतर उपचार के लिए रायपुर रेफर किया गया है। जानकारी के मुताबिक कार क्रमांक सीजी 18 एम 7286 तथा जगदलपुर की ओर आ रही तुलिका कर्मा की स्कार्पियो वाहन तोकापाल व केशलूर के ▶▶| शेष पेज 4 पर

## मेडिकल बोर्ड में जांच कराने 22 को नोटिस कोई नहीं पहुंचा, इंतजार करते रहे अफसर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

हरिभूमि फॉलोअप

फर्जी दिव्यांगता सर्टिफिकेट के मामले में मुंगेली कलेक्टर ने बड़ी कार्रवाई करते हुए कृषि विस्तार अधिकारी गुलाब सिंह राजपूत को सस्पेंड कर दिया है। इस अधिकारी पर कार्रवाई कृषि कोचिंग चलाने के कारण हुई है। इसके साथ ही प्रमाण पत्रों की जांच के लिए भी राज्य मेडिकल बोर्ड के पास उपस्थित होने के लिए नोटिस जारी किया है। हालांकि तीन नोटिस के बाद भी यह अधिकारी जांच कराने ▶▶| शेष पेज 4 पर




### ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी निलंबित

इस फर्जीवाड़े में सबसे अधिक जिसका नाम गुलाब सिंह राजपूत का आ रहा है जो कि ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी होने के साथ ही रायपुर और बिलासपुर में कृषि इंस्टीट्यूट कोचिंग सेंटर का संचालन भी करता है। मुंगेली कलेक्टर ने इसे गंभीरता से लिया और गुलाब सिंह राजपूत को सस्पेंड कर दिया ▶▶| शेष पेज 4 पर

### इन्हें नोटिस

- गुलाब सिंह राजपूत- कृषि विभाग, श्रवण बाधित
- भीष्म राव भोंसले- कृषि विभाग, श्रवण बाधित
- सत्यप्रकाश राठौर- योजना और सांख्यिकी, श्रवण बाधित
- नरेन्द्र सिंह राजपूत- श्रम विभाग, श्रवण बाधित
- श्रीमती मनीषा कश्यप- शिक्षा विभाग, श्रवण बाधित
- नरहरि सिंह राठौर- शिक्षा विभाग, श्रवण बाधित
- टेक सिंह राठौर- शिक्षा विभाग, श्रवण बाधित

▶▶| शेष पेज 4 पर

### परिजनों की डांट, शादी के प्रलोभन के बाद हो गई गुम...

## महानगरों की चकाचौंध में खो गईं 211 नाबालिग-महिलाएं!

राजेश दास ▶▶| जगदलपुर

अलग खबर

बस्तर जिले में पिछले 7 माह में मोबाइल पकड़ने पर परिजनों की डांट, युवकों के बहलाने व शादी का प्रलोभन तथा महानगरों की चकाचौंध से घूमने निकली 211 महिलाएं व नाबालिग घर छोड़कर चली गई थीं। बस्तर पुलिस द्वारा विशेष अभियान चलाते हुए अधिकांश गुम महिलाओं व नाबालिग बच्चों को बरामद कर परिजनों को सुपुर्द करने में कामयाब ▶▶| शेष पेज 4 पर



### आठ राज्यों में भेजी गई थी टीम

जनवरी 2024 से 31 जुलाई तक जिले से कुल 55 बालिका व 156 महिलाओं के गुम होने की रिपोर्ट परिजनों द्वारा दर्ज कराई गई थी। इनमें 46 बालिका व 122 महिलाओं को बरामद कर लिया गया है। इन गुम बालिकाओं व महिलाओं को पुलिस टीम द्वारा सायबर सेल की मदद से खोजने के लिए छग के अलग अलग जिलों के अलावा ओडिशा, बिहार, पश्चिम ▶▶| शेष पेज 4 पर

### नाबालिगों के घर छोड़ने की कहानी भी अलग-अलग

पिछले सात माह में जिले से गुम हुई नाबालिगों के घर छोड़ने की कहानी भी अलग अलग है। अधिकांश नाबालिगों ने माता पिता द्वारा मोबाइल पकड़ने पर डांटने को लेकर घर छोड़ कर चली गई थी। वहीं कुछ नाबालिगों ने हॉस्टल में मन नहीं लगने से परेशान होकर तो कुछ ने घर वालों से नाराज होकर, 10 वीं ▶▶| शेष पेज 4 पर

### गुमने की शिकायत पर तत्काल एफआईआर

*नाबालिग व महिलाओं के गुम होने के मामले पर जिले के सभी थानों को तत्काल एफआईआर करने व प्रमुखता से उन्हें खोजने के निर्देश थाना प्रभारियों व सायबर टीम को दिया गया है। यही वजह है कि गुम मामलों में लगातार पुलिस को सफलता मिल रही है। वहीं समय समय पर पीएचक्यू के निर्देश पर आपरेशन मुस्कान चलाया जाता है, जिसमें बच्चों की बरामदगी के लिए विशेष अभियान चलाया जाता है और हमारा प्रयास होता है कि अधिक से अधिक बरामदगी कर ली जाए।*

*शलभ कुमार सिन्हा*
*एसपी, बस्तर*

# हरियाणा चुनाव के लिए साथ आए दुष्यंत और चंद्रशेखर

*हरिभूमि न्यूज. नई दिल्ली। हरियाणा चुनाव से पहले बड़ा ऐलान हुआ है। जननायक जनता पार्टी (जेजेपी) और आजाद समाज पार्टी (एएसपी) हरियाणा विधानसभा चुनाव एक साथ लड़ेंगे। दुष्यंत चौटाला और चंद्रशेखर आजाद के एक साथ आने से इस गठबंधन को मजबूती मिलेगी। हरियाणा में 70 सीटों पर जेजेपी और 20 सीटों पर आजाद समाज पार्टी चुनाव लड़ेगी। हरियाणा में कुल 90 विधानसभा सीटें हैं। जेजेपी का हरियाणा में यह दूसरा विधानसभा चुनाव है जबकि आजाद समाज पार्टी हरियाणा में पहली बार चुनाव लड़ रही है। जेजेपी का गठन 2018 में हुआ था और आजाद समाज पार्टी का गठन 2022 में हुआ था।*

## 70 सीटों पर जेजेपी और 20 सीटों पर लड़ेगी आजाद समाज पार्टी

हरियाणा की राजनीति में आजाद समाज पार्टी तो एकदम नई है लेकिन जेजेपी के साथ आने से वह चुनाव में अहम भूमिका निभा सकती है। 2019 के विधानसभा चुनाव में जेजेपी ने अकेले चुनाव लड़ा और 10 सीटों पर जीत हासिल की थी। जबकि चंद्रशेखर आजाद की बात करें तो उन्होंने हाल ही में लोकसभा चुनाव लड़ा है और निर्दलीय जीत हासिल की है। चंद्रशेखर आजाद की लोकप्रियता सोशल मीडिया से लेकर सड़कों तक है। 2024 के लोकसभा चुनाव में चंद्रशेखर ने नगीना लोकसभा सीट से डेढ़ लाख से अधिक वोटों से जीत हासिल की थी। 2019 के हरियाणा विधानसभा चुनाव बाद जेजेपी ने बीजेपी के साथ गठबंधन कर सरकार बनाई थी। दुष्यंत चौटाला राज्य के उपमुख्यमंत्री बने थे। हालांकि लोकसभा चुनाव से पहले ही जेजेपी ने बीजेपी का साथ छोड़ दिया। उसके बाद से ही पार्टी मुश्किल में चली गई। 2019 में जेजेपी के 10 विधायक जीते थे लेकिन अब उसके 7 विधायक पार्टी छोड़ चुके हैं।

**अहम रोल निभाएगा यह गठबंधन**

### इस राज्य में कुल 90 विधानसभा सीटों पर होना है चुनाव



**दलित और जाट मतदाताओं की अहम भूमिका**

हरियाणा की राजनीति में दलित और जाट मतदाताओं की अहम भूमिका मानी जाती है। हरियाणा में जाट मतदाता जहां 25 फीसदी है तो वहीं दलित मतदाता भी 20 फीसदी से अधिक है। ऐसे में दुष्यंत चौटाला और चंद्रशेखर आजाद के एक साथ आने से यह वोट बैंक इस गठबंधन के पक्ष में आ सकता है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार हरियाणा की राजनीति में 90 में से 30 से 35 विधानसभा सीटों पर जाट मतदाता अपना असर रखते हैं तो वहीं 20 से 25 सीटों पर दलित मतदाताओं का वर्चस्व है।

### जारी किया संयुक्त बयान

दोनों दलों ने एक संयुक्त बयान में कहा कि इस रणनीतिक गठबंधन का उद्देश्य कांशी राम और चौधरी देवी लाल की सांस्कृतिक और राजनीतिक विचारधाराओं से प्रेरित होकर राज्य के विकास के लिए एक मजबूत स्तंभ बनना है। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि यह गठबंधन किसानों और मजदूरों के अधिकारों के लिए आवाज उठाएगा। उन्होंने कहा कि हमारी प्राथमिकता किसानों के लिए एमएसपी (न्यूनतम समर्थन मूल्य) की कानूनी गारंटी और डेली वेज वर्कर्स के लिए फिक्स्ड न्यूनतम मजदूरी सुनिश्चित करना शामिल है। जेजेपी और एएसपी गठबंधन ने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर भी ध्यान देने की बात कही। दुष्यंत चौटाला और चंद्रशेखर आजाद ने समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर चलने और प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में सभी 36 समुदायों (बिरादारी) को एकजुट करने की कसम खाई।

## खबर संक्षेप

### 'मोदी सरकार ने 'टैक्स टेररिज्म' से मध्यम वर्ग की कमर तोड़ी'



**नई दिल्ली।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने मंगलवार को केंद्र सरकार पर 'टैक्स टेररिज्म' के माध्यम से मध्यम वर्ग की कमर तोड़ने का आरोप लगाया और दावा किया कि यह सब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'मित्रों' की संपत्ति बचाने एवं बढ़ाने के लिए किया जा रहा है। वह इस आतंक और अन्याय के विरुद्ध सभी मेहनतकश एवं ईमानदार भारतीय नागरिकों के साथ खड़े हैं।

### सूडान में टूटा बांध 30 लोगों की मौत

**काहिरा।** सूडान के पूर्व में लाल सागर से सटे राज्य में स्थित अरबात बांध के टूटने से आसपास के इलाके जलमग्न हो गए हैं और कम से कम 30 लोगों की मौत हो गई है। संयुक्त राष्ट्र की एक एजेंसी ने यह जानकारी दी। मानवीय मामलों में समन्वय के लिए संयुक्त राष्ट्र के कार्यालय (ओसीएचए) ने सोमवार को स्थानीय अधिकारियों के हवाले से बताया कि भारी बारिश के बाद रविवार को बांध टूटने से मरने वालों की वास्तविक संख्या अधिक हो सकती है।

### जापान के हवाई क्षेत्र में घुसा चीनी टोही विमान

**तोक्यो।** जापान के शीर्ष सरकारी प्रवक्ता ने कहा कि एक चीनी सैन्य विमान ने एक दिन पहले कुछ समय के लिए जापानी हवाई क्षेत्र में प्रवेश किया था और यह घटना बिल्कुल अस्वीकार्य क्षेत्रीय सुरक्षा के लिए खतरा है। मुख्य कैबिनेट सचिव योशिमासा हयाशी ने कहा कि एक चीनी वाई-9 टोही विमान सोमवार को कुछ देर के लिए जापान के दक्षिण पश्चिमी हवाई क्षेत्र में घुसा, जिससे उसकी सेना को लड़ाकू विमानों को तैनात करने के लिए मजबूर होना पड़ा।

# सुप्रीम कोर्ट ने की आईएमए अध्यक्ष के माफीनामा के प्रारूप की आलोचना

**छोटे फॉन्ट के चलते बताया अपठनीय**

## शीर्ष कोर्ट ने माफीनामा की प्रतियां दिखाने का दिया निर्देश

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) के अध्यक्ष आर वी अशोकन के माफीनामे के प्रारूप की आलोचना की है। अशोकन ने पतंजलि मामले में सुप्रीम कोर्ट को लेकर कुछ ऐसी टिप्पणी की थी, जिन पर सुप्रीम कोर्ट ने नाराजगी जाहिर की थी। इसके बाद कोर्ट ने अशोकन को अखबार में माफीनामा प्रकाशित करने का निर्देश दिया था। अब उस माफीनामे की सुप्रीम कोर्ट ने आलोचना की और कहा कि माफीनामा का फॉन्ट छोटा है और यह अपठनीय है। जस्टिस हिमा कोहली और जस्टिस संदीप मेहता की पीठ ने आरवी अशोकन के वकील पीएस पतवालिया को निर्देश दिया है कि वह उन अखबारों की 20 प्रतियां अदालत में पेश करें, जिनमें माफीनामा प्रकाशित कराया जाएगा। पीठ ने कहा कि 'हम तब तक पीछे नहीं हटेंगे, जब तक हम अखबार में अपनी आंखों से माफीनामे को न देख लें। ताकि पता चल सके कि यह किस साइज में छपा है। हमारे सामने जो माफीनामा है, वह अपठनीय है और इसका फॉन्ट भी छोटा है।' इससे पहले 9 जुलाई को आईएमए अध्यक्ष ने सुप्रीम कोर्ट में अपने बयानों के लिए बिना किसी शर्त के माफी मांगी थी।



**खास बात**

- अखबारों की 20 प्रतियां अदालत में पेश करें, जिनमें माफीनामा प्रकाशित कराया जाएगा

### बयानों पर भी जताई नाराजगी

उल्लेखनीय है कि एक न्यूज एजेंसी को दिए इंटरव्यू में आरवी अशोकन ने पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड मामले में कुछ ऐसी टिप्पणियां की थी, जिन पर सुप्रीम कोर्ट ने नाराजगी जताई थी। सुप्रीम कोर्ट ने अशोकन को उनके बयानों के लिए अखबार में माफीनामा छपवाने का निर्देश दिया था। बीती 14 मई को सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के दौरान अशोकन को फटकार लगाते हुए कहा था कि आप सोफे पर बैठक इंटरव्यू देते हुए न्यायालय का मजाक नहीं उड़ा सकते। कोर्ट ने कहा कि वह हलफनामा पेश कर माफी को स्वीकार नहीं करेगा।

## संजीव भट्ट की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने गुजरात सरकार को भेजा नोटिस

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के पूर्व अधिकारी संजीव भट्ट की 1990 के पुलिस हिरासत में मौत के मामले में उनकी दोषसिद्धि के खिलाफ याचिका पर गुजरात सरकार से जवाब मांगा है। हिरासत में मौत के मामले में संजीव भट्ट को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी। जस्टिस विक्रम नाथ और प्रसन्ना बी वराले की पीठ ने कहा, 'चार सप्ताह में नोटिस वापस किया जाए।' उल्लेखनीय है कि संजीव भट्ट ने गुजरात उच्च न्यायालय के 9 जनवरी, 2024 के आदेश को चुनौती देते हुए सर्वोच्च अदालत का रुख किया था। 30 अक्टूबर, 1990 को, तत्कालीन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भट्ट ने अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण के लिए भाजपा नेता लालकृष्ण आडवाणी की 'रथ यात्रा' को रोकने के खिलाफ 'बंद' के आह्वान के बाद जामजोधपुर शहर में हुए सांप्रदायिक दंगे के बाद लगभग 150 लोगों को हिरासत में लिया था। हिरासत में लिए गए लोगों में से एक प्रभुदास वैष्णानी की रिहाई के बाद अस्पताल में मौत हो गई। वैष्णानी के भाई ने भट्ट और छह अन्य पुलिस अधिकारियों पर हिरासत में उसे प्रताड़ित करने और उसकी मौत का कारण बनने का आरोप लगाया। भट्ट को 5 सितंबर, 2018 को एक अन्य मामले में गिरफ्तार किया गया था, जिसमें उन पर एक व्यक्ति को ड्रग रखने के लिए झूठा फंसाने का आरोप है। मामले में मुकदमा चल रहा है।

**सरकारी अस्पताल में वारदात, 2 सफाईकर्मी अरेस्ट**

# अब जोधपुर में कोलकाता जैसा मामला अस्पताल परिसर में नाबालिग से गैंगरेप!

एजेंसी ▶▶| जोधपुर

राजस्थान के जोधपुर में कोलकाता जैसा ही एक 14 साल की नाबालिग लड़की के साथ गैंगरेप का मामला सामने आया है। घटना की शिकायत मिलते ही पुलिस हरकत में आई और दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। 25 अगस्त को आरोपियों ने महात्मा गांधी अस्पताल परिसर में इस घटना को अंजाम दिया था। पुलिस ने बताया कि बालिका के परिजनों ने सूरसागर थाने में 25 अगस्त की शाम गुमशुदा की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। 26 अगस्त को पुलिस को लड़की मिली, जिसकी जानकारी उसके परिजनों को दी गई। इस दौरान लड़की ने बताया कि अस्पताल के बायोगैस कलेक्शन सेंटर के पास एक कमरे में दो युवकों ने उसके साथ गलत काम किया। इसके बाद लड़की का मेडिकल करवाया गया और आरोपियों के खिलाफ शिकायत दर्ज की गई। जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि आरोपी अस्पताल के सफाईकर्मी हैं।




## महाराष्ट्र के रत्नागिरी में नर्सिंग की छात्रा से रेप

**रत्नागिरी।** कोलकाता की घटना पर आक्रोश अभी थमा नहीं है कि महाराष्ट्र के रत्नागिरी जिले में नर्सिंग की छात्रा के साथ दरिंदगी की घटना सामने आई है। रत्नागिरी में ऑटोवाले ने नर्सिंग की छात्रा के साथ दुष्कर्म के बाद उसे सड़क पर फेंक दिया। पुलिस को बेहोशी की हालत में मिली छात्रा को अस्पताल में एडमिट कराया गया है। पुलिस ने मेडिकल रिपोर्ट का इंतजार कर रही है। पीड़ित छात्रा के माता-पिता ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है, तो वहीं दूसरी तरफ इस झाटना के सामने आने के बाद रत्नागिरी में आक्रोश भड़क गया है। अभी तक की जांच में जो तथ्य सामने आए हैं। उसके अनुसान यह घटना उस समय हुई जब छात्रा घर जाने के लिए ऑटो रिक्शा में सवार हुई। ऑटो चालक ने उसे नशीला पदार्थ मिला पानी पिलाया। इसके बाद वह उसे एक सुनसान जगह पर ले गया, उसके साथ बलात्कार किया और मौके से भाग गया। 26 अगस्त की रात पीड़िता के माता-पिता द्वारा पुलिस में शिकायत दर्ज कराए जाने के बाद इलाके में विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए हैं। पीड़िता को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जबकि पुलिस ऑटो के सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की तलाश कर रही है।

## प्रमुख लोकायुक्त ने ली शपथ

### साय, रमन समेत कई नेता, अधिकारी रहे मौजूद



**रायपुर।** राज्यपाल रमेन डेका ने मंगलवार को राजभवन में न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) इंदर सिंह उबोवेजा को छत्तीसगढ़ लोक आयोग के प्रमुख लोकायुक्त पद की शपथ दिलाई। इंदर सिंह उबोवेजा ने ईश्वर के नाम पर शपथ ली। अतिरिक्त मुख्य सचिव रेणु पिल्ले ने शपथ प्रक्रिया पूर्ण कराई। शपथ ग्रहण समारोह में सीएम विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, पूर्व प्रमुख लोकायुक्त टीपी शर्मा, राज्य सूचना आयुक्त एनके शुक्ला, पूर्व सूचना आयुक्त मोहन राव पवार और छत्तीसगढ़ के डीजीपी अशोक जुनेजा मौजूद रहे।

# 'इमरजेंसी' को लेकर एसजीपीसी ने भेजा कानूनी नोटिस

**नई दिल्ली।** शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) ने मंगलवार को हिमाचल के मंडी से बीजेपी सांसद व बालीवुड एक्ट्रेस कंगना रनौत की आने वाली फिल्म इमरजेंसी के निर्माताओं को सिखों के चरित्र और इतिहास को गलत तरीके से दिखाने के आरोप में कानूनी नोटिस भेजा है। इसमें कहा गया कि जरनैल सिंह भिंडरावाला और सिख समुदाय के किसी भी शख्स ने कभी भी खालिस्तान की मांग नहीं की है। यह फिल्म पूर्व पीएम इंदिरा गांधी को लेकर बनाई गई है और इसमें फोकस 1975 के आपातकाल पर किया गया है। कंगना रनौत इस फिल्म में इंदिरा गांधी का किरदार निभा रही हैं। फिल्म का ट्रेलर 14 अगस्त को रिलीज किया गया था और यह 6 सितंबर को स्क्रीन पर आ सकती है।



- बयान में कहा- भिंडरावाले ने कभी खालिस्तान की मांग नहीं की'

### ट्रेलर में कहे गए डायलॉग को आधार बनाकर भेजा नोटिस

ट्रेलर में एक डॉयलाग है कि 'तोहदी पार्टी नू वोट चाहीदे ने अते सानू चाहीदा है खालिस्तान' का हवाला देते हुए एसजीपीसी ने कहा कि ये दृश्य हैं जिनमें सिख के कपड़े पहने हुए कुछ किरदार लोगों पर गोलियां चलाते हुए दिखाए गए हैं। इस नोटिस में कहा गया कि इस तरह का कोई भी सबूत नहीं है कि भिंडरावाले ने इस तरह की बातें बोली हैं। ऐसा सिख धर्म के इतिहास में कहीं भी नहीं मिलता है।


HMS ARSH-RAHAT
आयुर्वेदिक हानिरहित बवासीर का दवा
अर्श-राहत
बवासीर की समस्त समस्याओं से 5 दिनों में छुटकारा दिलाता है व दुबारा होने से भी रोकता है।
आपरेशन के खर्च व तकलीफ से बचना चाहते हैं तो अर्श-राहत का इस्तेमाल करें
HMS देखकर खरीदें
असली केंदवा मलहम
दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिये।
ढक्कन पर केंदवा मलहम लिखा देखें। रजि.नं. 573034बी देखकर खरीदें। ओरिजनल का होलोग्राम (हरि) देखकर खरीदें।
94060-21769

**मलयालम फिल्म इंडस्ट्री का यौन उत्पीड़न मामला गरमाया**

# सुपरस्टार मोहनलाल समेत सत्रह सदस्यों का एम्मा से इस्तीफा

एजेंसी ▶▶| तिरुवनंतपुरम

महिलाओं के वर्किंग कंडीशन पर हेमा समिति की विस्फोटक रिपोर्ट ने मलयालम फिल्म इंडस्ट्री में तूफान खड़ा कर दिया है। अब मलयालम मूवी आर्टिस्ट एसोसिएशन (एम्मा) के प्रेसिडेंट सुपरस्टार मोहनलाल सहित 17 सदस्यीय समिति ने नैतिक जिम्मेदारी का हवाला देते हुए 27 अगस्त को अपने पदों से इस्तीफा दे दिया है। महिला कलाकारों ने समिति के कुछ सदस्यों पर उत्पीड़न का आरोप लगाया था जिसके बाद मंगलवार 27 अगस्त को एग्जेक्यूटिव मेंबर्स कमेटी को भंग कर दिया गया । हाल ही में हेमा समिति की रिपोर्ट जनता के सामने आने के बाद से कई महिलाएं लगातार एक्टर, प्रोड्यूसर्स और टेक्नीशियंस पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगा रही हैं।



### इन पर लगे आरोप

गौरतलब है, एक्ट्रेस मीनू कुरियन ने एक फेसबुक पोस्ट में मलयालम इंडस्ट्री के कुछ एक्टर्स और टेक्नीशियन्स पर फिजिकल और वर्बल अब्यूज का आरोप लगाया था। जिनपर उन्होंने अपनी फेसबुक पोस्ट में आरोप लगाए थे। इसमें मलयालम एक्टर-CPIM विधायक मुकेश, एक्टर जयसूर्या और इदावेला बाबू के नाम भी शामिल हैं। अब उन्होंने इस मामले में लीगल एक्शन भी ले लिया है।

### नई गवर्निंग बॉडी के चयन के लिए बुलाई जाएगी बैठक

*एसोसिएशन ने बयान जारी कर ये भी कहा है कि जल्द ही एक नई गवर्निंग बॉडी का चयन किया जाएगा। एसोसिएशन की ओर से जारी बयान में कहा गया, 'हमें उम्मीद है कि एएमएमए को एक नया नेतृत्व मिलेगा जो एसोसिएशन को नया और मजबूत करने में सक्षम होगा। आलोचना और सुधार के लिए सभी का धन्यवाद।' एसोसिएशन ने सभी को यह भी बताया कि नई गवर्निंग बॉडी के चयन के लिए दो महीने के भीतर आम सभा की बैठक बुलाई जाएगी।*

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्पलेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Centre
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479
0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल (ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551
समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

सुविधाएं : मेडिसिन, पॉलीट्रामा, बर्न एण्ड प्लास्टिक लप्रोस्कोपिक सर्जरी, जनरल सर्जरी, स्पाईन एण्ड न्यूरो सर्जरी, आर्थो, कैंसर (कीमोथैरेपी व सर्जरी), स्त्री रोग, जोड़ प्रत्यारोपण
पाल जी स्वास्तिक नर्सिंग होम
बर्न एण्ड पॉलीट्रामा सेंटर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
(आयुष्मान भारत स्कीम के तहत निःशुल्क ईलाज की सुविधा उपलब्ध)
श्यामनगर जल विहार कॉलोनी पानी टंकी के पास तेलीबांधा मरीन ड्राइव के पीछे
मो. 7991031330
मो. 0771-4347172

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जरी
• जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी
• ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल)
• गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्घ पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
* आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
गरचा कॉम्पलेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर
मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद

वात, स्पाइन एवं पाइल्स केयर
मेडिक्लेम सुविधा उपलब्ध
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक वेलनेस सेंटर
मो. 9039050422
मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 7987119756, 9303508130

रायपुर, बुधवार 28 अगस्त 2024 | भाद्रपद कृष्ण पक्ष दशमी | वर्ष : 23, अंक : 41 | पृष्ठ : 12+4+4 = 20, मूल्य : 5.00** | haribhoomi.com

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



# कुम्हारी टोल नाके पर अब किस सुविधा की वसूली, पूछ रहे ट्रक चालक

*कुम्हारी टोल नाका की लागत वसूली के बाद भी वसूली से लोकल वाहन मालिक या चालक ही परेशान नहीं हैं, लंबी दूरी का सफर तय करने वाले ट्रक चालक भी हलाकान हैं। यहां फास्टैग की स्कैनिंग में विलंब की वजह से अक्सर जाम के हालात बनते हैं।*

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

हरिभूमि फॉलोअप

खस्ताहाल सड़क ने मुसीबत और बढ़ा दी है। कई ट्रक चालकों ने शिकायत की है कि फास्टैग स्कैन नहीं होने की वजह से उनको दोगुना पैसा देना पड़ा, यह लूट है। उनका कहना है, जब लागत वसूल हो चुकी है तो इस तरह नाके का ठेका ही अवैध है। इसे सरकारी लूट ही कहा जाएगा। लागत वसूल होने के बाद भी कुम्हारी टोल प्लाजा का ठेका इसलिए दिया गया है कि सड़क अच्छी मिलेगी, मेंटेनेंस होगा, पर ऐसा नहीं है जमीनी हकीकत कुछ और है। कुम्हारी टोल प्लाजा का ठेका आलोक बिल्डकॉन प्राइवेट लिमिटेड को मार्च 2024 से दिया गया है। ⏭ शेष पेज 4 पर

## सड़क की लागत आठ साल पहले ही निकल चुकी फिर ठेका क्यों, सवाल कई, जवाब किसी के पास नहीं

- खस्ताहाल सड़क ने टोल से गुजरने वाले वाहन के चालकों की मुसीबत बढ़ा दी है
- फास्टैग स्कैन नहीं होने की वजह से उनको दोगुना पैसा देना पड़ रहा


हरिभूमि

8 साल पहले रोड की लागत वसूल, मरम्मत के नाम पर कुम्हारी टोल पर अवैध वसूली, असलियत में सड़क पर धेले का काम नहीं

### हमेशा लगता है जाम

कुम्हारी टोल प्लाजा में वसूली को लेकर हमेशा जाम की स्थिति बनती है। अक्सर यहां भिलाई-दुर्ग रायपुर समेत आसपास के क्षेत्र से पहुचने वाली एम्बुलेंस मरीजों को उपचार के लिए लेकर गुजरती है। इन्हें भी कई बार जाम में फंसना पड़ता है। इसके लिए यहां कोई भी बेहतर व्यवस्था नहीं की गई है। इसके कारण हर आने-जाने वाले मरीजों को एम्बुलेंस से गुजरने में परेशानी उठानी पड़ती है। उन्हें कई दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

### क्या कहते हैं ट्रक चालक

ट्रक चालक पंजाब निवासी अमरिंदर सिंह का कहना है कि यहां से अक्सर 12 चक्का ट्रक लेकर आते हैं। उनके ट्रक पर पहले से फास्टैग लगा हुआ है, लेकिन स्कैन हुआ तो पता चला कि वह काम नहीं कर रहा है। कुम्हारी टोल में दोगुना टोल देना पड़ा है।

यूपी निवासी ट्रक चालक मंसूब चौधरी ने बताया कि फास्टैग होने के बावजूद यहां स्कैन की दिक्कत होती है। वाहन चालकों को कुम्हारी टोल में कई परेशानियों से गुजरना पड़ता है। यहां की सड़कें पूरी तरह बेकार हैं। यहां फास्टैग होने के बावजूद स्कैन नहीं हो पा रहा है। दूसरे नाके पर इसी फास्टैग से वे लेन पार कर गए।

### अवैध है वसूली शिकायत कर चुके हैं

कुम्हारी टोल प्लाजा की मियाद समाप्त होने के बाद भी अवैध वसूली हो रही है। पीडब्लूडी और एनएच की मिलीभगत से यह किया जा रहा है। इसे लेकर विभाग और कलेक्टर से भी शिकायत कर चुका हूं। इसके अलावा आरटीआई में भी वर्क आर्डर की कापी मांगी गई थी। अब तक नहीं मिल पाई है। - **अरुण सिसोदिया** सदस्य एआईसीसी कांग्रेस कमेटी

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### औषधि, प्रसाधन सामग्री से जुड़े आदेश पर रोक

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने आयुष मंत्रालय द्वारा जारी अधिसूचना पर रोक लगा दी, जिसमें आयुर्वेदिक, सिद्ध और यूनानी दवाओं के



भ्रामक विज्ञापनों पर रोक लगाने वाले औषधि एवं प्रसाधन सामग्री नियम, 1945 के नियम 170 को हटा दिया गया था। पीठ ने कहा कि अधिसूचना उसके सात मई, 2024 के आदेश के विपरीत है।

### कश्मीर में आतंकियों के तीन साथी धरे गए

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में चुनावी तैयारियों के बीच पुलिस को बड़ी सफलता हासिल हुई है। कश्मीर के



अनंतनाग जिले से पुलिस ने कथित रूप से आतंकियों के तीन साथियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस, सीआरपीएफ और सेना ने एक संयुक्त अभियान में तीन संदिग्धों को गिरफ्तार किया है।

### बीआरएस नेता कविता को मिली जमानत

**नई दिल्ली।** दिल्ली आबकारी नीति घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में बीआरएस नेता व



विधायक के. कविता की जमानत मिल गई है। सुप्रीम कोर्ट ने आज उन्हें ईडी और सीबीआई दोनों के ही मामले में राहत देते हुए जमानत दे दी है। इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने सीबीआई और ईडी से सवाल भी किए हैं।

### राष्ट्रीय प्रतीकों के दुरुपयोग पर कड़े कानून की तैयारी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय प्रतीकों के दुरुपयोग के लिए कड़े दंड पर विचार कर सरकार रही है। केंद्र सरकार नाम



और प्रतीक (अनुचित उपयोग की रोकथाम) अधिनियम, 1950 में महत्वपूर्ण संशोधनों पर विचार कर रही है। इस कानून को मजबूत बनाया जा सके और इसके उल्लंघनों को रोका जा सके।

### कूनो पार्क के नाले में डूबा चीता पवन

**ग्वालियर।** मध्य प्रदेश के कूनो नेशनल पार्क में एक और चीते की मौत हो गई है। अधिकारियों ने इस



बात की पुष्टि करते हुए बताया है कि पार्क के अंदर नामिबियाई चीता पवन की लाश एक बरसाती नाले में पड़ी मिली है। बताया जा रहा है कि पवन की मौत पानी में डूबने की वजह से हुई है। कूनो नेशनल पार्क में अभी तक कुल 13 चीतों की मौत हो चुकी है।

*देश के कई इलाकों में बारिश का कहर जारी है। गुजरात और राजस्थान में हालात ज्यादा खराब है। गुजरात के विभिन्न हिस्सों में बारिश से संबंधित घटनाओं में कम से कम आठ लोगों की मौत हो गई। उत्तरभारत में भी बारिश से जनजीवन प्रभावित हुआ है। इस बीच, छत्तीसगढ़ में मौसम के दो रंग हैं। रायपुर और आसपास इलाकों में बारिश थमी है, वहीं सरगुजा संभाग में भारी बारिश का दौर है।*



# गुजरात डूबा, राजस्थान में भी कहर छत्तीसगढ़ में भी मौसम के दो रंग!

**कहीं दीवार गिरी तो कहीं बाढ़ में बह गए लोग**

- देश के कई इलाकों में आसमानी आफत का कहर जारी
- गुजरात में 17 हजार से अधिक लोगों को सुरक्षित जगहों पर पहुंचाया गया

## 30 अगस्त तक समुद्र तट के शहरों की स्थिति बहुत खराब रहने के आसार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली/अहमदाबाद

गुजरात में मंगलवार को लगातार तीसरे दिन भारी बारिश का दौर जारी रहा, जिससे आम जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया और निचले इलाकों में बाढ़ आ गई। उन्होंने बताया कि लगातार बारिश के कारण बांधों और नदियों का जलस्तर बढ़ने के मद्देनजर 17 हजार से अधिक लोगों को सुरक्षित जगहों पर पहुंचाया गया है। अधिकारियों के मुताबिक, राज्य के अलग-अलग हिस्सों में बारिश से जुड़ी घटनाओं में सोमवार को आठ लोगों की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि गांधीनगर, खेड़ा और वडोदरा जिले में दीवार गिरने की घटनाओं में चार लोगों की मौत हो गई, जबकि आणंद जिले में पेड़ गिरने से एक व्यक्ति और बारिश के ⏭ शेष पेज 4 पर



### राजस्थान के पांच जिलों में रेड अलर्ट

मौसम विभाग ने राजस्थान के 5 जिलों में अति भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। विभाग ने सिरोही, जालोर, उदयपुर, डूंगरपुर और बांसवाड़ा में तेज हवाओं के साथ अति भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है।

### मुंबई में तेज बारिश की संभावना

मौसम विभाग ने मुंबई में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। इस दौरान शहर में तेज बारिश होगी और लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिलेगी। बता दें कि मुंबई में पिछले कई दिनों से बारिश का दौर जारी है।

### बादल फटने के बाद लापता दो लोगों के शव बरामद

रामबन/जम्मू। जम्मू-कश्मीर के रामबन जिले में बादल फटने के बाद से लापता दो लोगों के शव मंगलवार को बरामद किए गए जिसमें 12 वर्षीय लड़के का शव भी शामिल है। इस दौरान लापता हुए पांच अन्य लोगों की तलाश के लिए बचाव अभियान जारी है। सोमवार दोपहर राजगढ़ तहसील के कुमाते, धमण और हल्ला पंचायतों में बादल फटने की घटना हुई, जिससे तंगेर और दाड़ी नदियों में अचानक बाढ़ आ गई। राजगढ़ के तहसीलदार मेजर सिंह ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि अचानक आई बाढ़ में तीन अलग-अलग परिवारों के सात लोग लापता हो गये थे। बचाव अभियान की निगरानी कर रहे सिंह ने बताया कि खराब मौसम के बावजूद बचाव दल ने गडग्राम के यासिर अहमद (20) और सुली-कुमाटे के खालिद अहमद परिहार (12) के शव बरामद कर लिये हैं।

### मध्य प्रदेश के चार जिलों में ऑरेंज अलर्ट

मौसम विभाग ने मध्य प्रदेश के सतना, रीवा, सीधी और सिंगरौली में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इस दौरान तेज हवाओं के साथ बिजली गिरने की संभावना भी जताई गई है।

### छत्तीसगढ़ में आज ऐसा रहेगा मौसम

छत्तीसगढ़ में 28 अगस्त को अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। प्रदेश में एक दो स्थानों पर गरज चमक के साथ वज्रपात होने तथा भारी वर्षा होने की भी संभावना है। भारी वर्षा का क्षेत्र मुख्यतः बिलासपुर संभाग और उससे लगे सरगुजा संभाग के जिले संभावित हैं। 31 अगस्त से 2 सितम्बर तक प्रदेश के मध्य और दक्षिण भाग में भारी से अति भारी वर्षा होने की संभावना है।

**हिमाचल विस में बिल पास**

# लड़कियों की शादी की उम्र 18 नहीं अब होगी 21 साल!



एजेंसी ⏭ शिमला

हिमाचल प्रदेश में अब बेटियों की शादी की उम्र 18 नहीं बल्कि 21 साल होगी। सरकार ने इसके लिए विधानसभा के मानसून सत्र में 'हिमाचल प्रदेश बाल विवाह प्रतिषेध विधेयक-2024' पेश किया, जो बिना चर्चा के सर्वसम्मति से पास कर दिया गया। अब इस बिल को मंजूरी के लिए राज्यपाल को भेजा जाएगा। अभी तक प्रदेश में लड़कियों की शादी की उम्र 18 साल है।

स्वास्थ्य, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री धनीराम शांडिल ने बाल विवाह प्रतिषेध (हिमाचल प्रदेश संशोधन विधेयक, 2024) पेश किया। प्रदेश में अभी लड़कियों की शादी की न्यूनतम उम्र 18 साल है। राज्य सरकार इसमें तीन साल की बढ़ोतरी कर रही है। इसके संशोधित ड्राफ्ट को राज्य मंत्रिमंडल ने 7 महीने पहले ही मंजूरी दे दी थी। मंगलवार को सदन में संशोधन विधेयक पारित हो गया।

### केंद्र सरकार ने कठिन समय में नहीं की मदद

सीएम सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि जब प्रदेश में आपदा आई, हमारी सरकार ने तुरंत राहत और बुनियादी सुविधाएं प्रदान करके आपदा प्रभावितों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े होने का काम किया। इसके विपरीत केंद्र सरकार ने इस कठिन समय में भी कोई मदद नहीं की। उनका यह भेदभावपूर्ण रवैया उनकी असंवेदनशीलता को दिखाता है।

### यह एकता की भावना, हम और भी मजबूत

सीएम ने कहा कि आपदा के कठिन समय में जब हर तरफ चुनौतियां थीं, हमारे अधिकारियों, कर्मचारियों, युवाओं और छोटे बच्चों ने एकजुट होकर हमारा साथ दिया। हम उनके प्रति हृदय से कृतज्ञ हैं। यह एकता और समर्पण की भावना हमें और भी मजबूत बनाती है।

# जय शाह निर्विरोध चुने गए, आईसीसी के सबसे युवा चेयरमैन बनेंगे

एजेंसी ⏭ दुबई

बीसीसीआई सचिव जय शाह निर्विरोध आईसीसी के अगले चेयरमैन चुने गए और वैश्विक क्रिकेट प्रशासन में शीर्ष पद पर काबिज होने वाले वह सबसे कम उम्र के प्रशासक होंगे। पैंतीस वर्ष के शाह एक दिसंबर को निवर्तमान चेयरमैन न्यूजीलैंड के 62 वर्षीय ग्रेग बार्कले की जगह लेंगे जिन्होंने लगातार तीसरी बार दावेदारी नहीं करने का फैसला किया। वह आईसीसी के सबसे युवा चेयरमैन होंगे। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के बेटे जय शाह को अब बीसीसीआई सचिव का पद छोड़ना होगा जिस पर वह 2019 से काबिज हैं। बोर्ड की आमसभा की बैठक अगले महीने या अक्तूबर में होगी। शाह से पहले दिवंगत जगमोहन डालमिया, शरद पवार, एन श्रीनिवासन और शशांक मनोहर आईसीसी में शीर्ष पर काबिज होने वाले भारतीय रहे हैं। अहमदाबाद के रहने वाले क्रिकेट प्रशासक शाह चेयरमैन पद के अकेले दावेदार बचे थे। विश्व क्रिकेट के सबसे अमीर बोर्ड के सबसे दमदार व्यक्ति शाह का चयन तभी तय हो गया था जब उन्होंने उम्मीदवारी पेश की थी।

**बार्कले की जगह लेंगे जय**



### भारतीय बोर्ड का 75 फीसदी योगदान

भारतीय बोर्ड आईसीसी के राजस्व में 75 प्रतिशत से अधिक योगदान देता है। समझा जाता है कि एसईएनए क्रिकेट बोर्ड (दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड और आस्ट्रेलिया) में से एक ने शाह के नाम का प्रस्ताव रखा और एक ने अनुमोदन किया। आईसीसी के संविधान के तहत कुल 17 वोट पड़ते हैं, जिनमें से 12 पूर्णकालिक टेस्ट देशों के, चेयरमैन, उप चेयरमैन, दो सहयोगी सदस्यों के प्रतिनिधि और एक स्वतंत्र महिला निदेशक के वोट हैं। शाह इस समय आईसीसी की सबसे दमदार वित्त और व्यावसायिक मामलों की उप समिति के प्रमुख है। वह 2022 में इस उप समिति के अध्यक्ष बने थे।

### रोहन जेटली बन सकते हैं बीसीसीआई के सचिव

जय शाह को अब बीसीसीआई सचिव का पद छोड़ना होगा। वह आईसीसी और बीसीसीआई में एक साथ 2 पद नहीं संभाल सकते। ऐसे में अरुण जेटली के बेटे और दिल्ली क्रिकेट एसोसिएशन के प्रेसिडेंट रोहन जेटली बीसीसीआई के नए सचिव बन सकते हैं। सूत्रों ने बताया कि जेटली ही बीसीसीआई के अगले सचिव होंगे।



# काम में लापरवाही बरतने वाले जल जीवन मिशन के 5 ठेकेदार ब्लैक लिस्टेड

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

खबर का असर

बलौदाबाजार कलेक्टर दीपक सोनी की अध्यक्षता में संयुक्त जिला कार्यालय में जल जीवन मिशन अंतर्गत जिला जल एवं स्वच्छता मिशन समिति की बैठक सम्पन्न हुई। कलेक्टर ने कामकाज में धीमी प्रगति के चलते 5 ठेकेदारों को ब्लैक लिस्टेड करने की कार्रवाई की गई है। गौरतलब है कि हरिभूमि इस मुद्दे पर प्रशासन का ध्यान आकर्षित किया था। इसमें सौमित्र कन्स्ट्रक्शन जांजगीर, ⏭ शेष पेज 4 पर

*हरिभूमि की खबर के बाद एक्शन, 70 ठेकेदारों को पेनाल्टी के साथ कार्यों में दी समय वृद्धि की अनुमति*


हरिभूमि

टंकियां प्यासी... नल हैं उदास, बूंद-बूंद को तरसे लोग, पूरी नहीं हुई आस

- कलेक्टर की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन अंतर्गत जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक हुई संपन्न

### सरपंचों से समन्वय करेंगे अफसर

कलेक्टर कहा कि जिन स्थानों पर जल स्रोत व बिजली की समस्या है वहां स्थल भ्रमण कर जांच करें। उन्होंने कार्य पूर्ण होने के बाद हैंड ओवर लेने में सरपंचों के द्वारा रुचि नहीं लेने के मामले पर भी आवश्यक समन्वय करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। ⏭ शेष पेज 4 पर

**12 सीटों पर उपचुनाव**

# राज्यसभा में एनडीए ने छुआ बहुमत का आंकड़ा, 11 प्रत्याशी निर्विरोध जीते

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

राज्यसभा में एनडीए को बहुमत मिल गया है। नौ राज्यों की 12 सीटों पर होने वाले उपचुनाव से पहले ही सभी उम्मीदवार निर्विरोध चुन लिए गए हैं। ये सभी उम्मीदवार असम, बिहार और महाराष्ट्र की दो-दो सीटों पर और हरियाणा, मध्य प्रदेश, राजस्थान, त्रिपुरा, तेलंगाना व ओडिशा की एक-एक सीट पर जीते हैं। इनमें भाजपा के 9, कांग्रेस का एक, एनसीपी (अजित पवार) का एक और राष्ट्रीय लोक मोर्चा का एक सदस्य निर्वाचित ⏭ शेष पेज 4 पर



### राज्यसभा में भाजपा के हो जाएंगे 96 सदस्य

12 सीटों पर निर्विरोध चुनाव के बाद अब राज्यसभा में भाजपा की संख्या बढ़कर 96 हो गई है, वहीं एनडीए की संख्या की बात करें तो ये भी बढ़कर 112 हो गई है। 245 सदस्यों की राज्यसभा में अभी आठ सीटें और खाली हैं। इनमें चार जम्मू-कश्मीर की और चार मनोनीत सदस्यों की सीटें शामिल हैं।

**लोक निर्माण विभाग के अफसर की लापरवाही उजागर**

# बिना मुआवजा के बनी सड़क में किसान ने लगा दिया बेरियर

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अलग खबर

राज्य शासन द्वारा सड़क निर्माण के पहले भू-अर्जन की प्रक्रिया को पूरा करने के पहले ही बार-बार निर्देश दिए जाते हैं, लेकिन राज्य के पीडब्ल्यूडी महकमे में मची लाल फीताशाही के चलते किसानों को मुआवजा दिए बगैर ही सड़क का निर्माण किया जा रहा है। ऐसा ही एक मामला राजनांदगांव विधानसभा क्षेत्र के भर्रेगांव का है, जहां मुआवजा नहीं मिलने से नाराज एक किसान ने सड़क के बीच में ही बेरियर लगाकर यातायात बाधित कर दिया है। मिली जानकारी के अनुसार पीडब्ल्यूडी महकमे ने भर्रेगांव से झोला ⏭ शेष पेज 4 पर






### सालभर में उखड़ी सड़क

करीब पौने तीन करोड़ रुपए की लागत से बनी दो किलोमीटर के सड़क निर्माण कार्य में भी पीडब्ल्यूडी महकमे के अफसरों ने जमकर भर्राशाही की है। यही कारण है कि एक साल के भीतर ही सड़क से डामर गायब हो गया है और सड़क गड्ढों में तब्दील हो चुकी है।

### जहां जरूरत वहां काम नहीं

भर्रेगांव के ग्रामीणों का कहना है कि विभाग ने ऐसी जगह सड़क बना दी है, जहां आबादी ही नहीं है। भर्रेगांव मुख्य मार्ग की हालत खराब हो चुकी है। ग्रामीणों ने कई बार अफसरों से इस सड़क को बनाने की मांग भी की, लेकिन उन्होंने कोई रूचि नहीं दिखाई।

### मुआवजे के कारण नहीं

इस मामले में किसान मुआवजा नहीं मांग रहा है, बल्कि वहां उसकी केले की बाड़ी है। इसी कारण किसान ने बेरियर लगाया हुआ है। विभाग ने उसे हटाने कहा है। - **पीके सिंघानिया,** एसडीओ, पीडब्ल्यूडी

## चिंतन

# बढ़ते समुद्री जल स्तर के खतरे से निपटना चुनौती

दुनिया केवल दो-दो जंग, क्षेत्रीय संघर्ष, ट्रेड वार, सीमा विवाद, विस्तारवाद, भू-राजनीतिक तनाव, वर्चस्ववाद, ऊर्जा व खाद्य आपूर्ति संकट का सामना नहीं कर रही है, बल्कि मानवीय कृत आपदा के चलते जलवायु संकट से भी जूझ रही है। संयुक्त राष्ट्र ने दुनिया को एक और जलवायु चेतावनी जारी करते हुए समुद्रों के बढ़ते जलस्तर को 'विश्वव्यापी आपदा' बताया है। यह गंभीर विश्वव्यापी खतरे के संकेत है। भारत भी इससे अछूता नहीं है। बड़ी तटीय आबादी पर जलसमाधि का खतरा है। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने जलवायु चेतावनी (एसओएस) में समुद्रों में तेजी से बढ़ रहे जलस्तर, खासकर प्रशांत क्षेत्र के अधिक असुरक्षित द्वीपीय देशों का उल्लेख किया है। संयुक्त राष्ट्र और विश्व मौसम विज्ञान संगठन ने सोमवार को समुद्र के बढ़ते जलस्तर पर एक रिपोर्ट जारी की है। पृथ्वी का तापमान बढ़ने और ग्लेशियरों के पिघलने से समुद्र का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है। गुतारेस ने टोंगा की राजधानी से प्रशांत द्वीप समूह फोरम की बैठक में जलवायु परिवर्तन के चलते संभावित खतरे के प्रति विश्व को आगाह किया है। दरअसल, समुद्र का बढ़ता जलस्तर पूरी तरह से मानव निर्मित संकट है। अगर त्वरित ध्यान नहीं दिया गया तो यह संकट जल्द ही अप्रत्याशित पैमाने पर पहुंच जाएगा, जब हम कुछ भी करने की स्थिति में नहीं होंगे। टोंगा की राजधानी नुकु अलोफा के पास वर्ष 1990 से 2020 के बीच समुद्र का जलस्तर 21 सेंटीमीटर बढ़ा है, जो वैश्विक औसत 10 सेंटीमीटर से लगभग दोगुना है। समोआ के अपिया में समुद्र का जलस्तर 31 सेंटीमीटर बढ़ा है, जबकि फिजी के सुवा-बी में 29 सेंटीमीटर बढ़ा है। ये बढ़ते समुद्री जलस्तर दुनिया भर के तटीय क्षेत्रों के लिए गंभीर ख़तरा पैदा करते हैं। भारत की तटरेखा 7,500 किलोमीटर से ज़्यादा लंबी है। तटीय कटाव के कारण भारत 2050 तक लगभग 1,500 वर्ग किलोमीटर भूमि खो सकता है। बढ़ते समुद्री स्तरों का मुख्य कारण जलवायु परिवर्तन है, जो वायुमंडल में ग्रीनहाउस गैसों की बढ़ती सांद्रता के कारण होता है। जीवाश्म ईंधन के जलने और वनों की कटाई से कार्बन डाइऑक्साइड निकलता है। इससे ग्रीनहाउस प्रभाव बढ़ता है और ग्लोबल वार्मिंग होती है। जैसे-जैसे तापमान बढ़ता है, ग्लेशियर और बर्फ की टोपियां पिघलती हैं और इससे महासागरों में पानी की मात्रा बढ़ जाती है। गर्म तापमान के कारण समुद्री जल का विस्तार होता है, जिसे थर्मल विस्तार के रूप में जाना जाता है। यह विस्तार ही मानव अस्तित्व के लिए खतरा है। बढ़ते समुद्री जल स्तर के चलते तटीय कटाव, बाढ़ में वृद्धि, विस्थापन और पलायन, खारे पानी का अतिक्रमण, बुनियादी ढांचे को खतरा, पारिस्थितिकी प्रभाव, जल सुरक्षा व खाद्य उत्पादन का संकट और जैव विविधता के लिए खतरे आदि समस्याएं हो सकती हैं। इस संकट से बचने के लिए भारत को तटीय सुरक्षा, समुद्री दीवारें और तटीय क्षेत्रों में वनरोपण जैसे अनुकूलन उपायों में निवेश करने की आवश्यकता है। एकीकृत तटीय क्षेत्र प्रबंधन योजनाओं को लागू करने से तटीय क्षेत्रों की पारिस्थितिकी संवेदनशीलता को ध्यान में रखते हुए विकास और संरक्षण के बीच संतुलन बनाने में मदद मिल सकती है। तटीय समुदायों को ज्ञान, संसाधनों और स्थायी आजीविका विकल्पों के साथ सशक्त बनाना बढ़ते समुद्री स्तरों के प्रति उनके लचीलापन को बढ़ा सकता है। यूएन की चेतावनी को चुनौती मानते हुए भारत को बढ़ते समुद्री जलस्तर को रोकने की दिशा में त्वरित कदम उठाना चाहिए।

# नशे के गिरफ्त में देश का भविष्य



विचार

डॉ. संजय शुक्ला

भारत दुनिया का सबसे युवा आबादी वाला देश है जिसकी 65 फीसदी आबादी 40 साल तक के आयुवर्ग का है। युवा ही किसी देश के सबसे बड़े कार्यबल यानि वर्कफोर्स होते हैं जिन पर राष्ट्र का भविष्य निर्भर होता है। इतिहास गवाह है कि देश और दुनिया में जितने भी राजनीतिक, सामाजिक और सांस्कृतिक परिवर्तन हुए हैं उसे युवाओं ने ही अंजाम दिया है। भारत में कालांतर में ऐसे युवा हुए हैं जिन्होंने देश और दुनिया को एक नई सामाजिक और आध्यात्मिक चेतना दी लेकिन आज युवाओं की एक बड़ी आबादी नशे के चंगुल में फंसकर अपनी ऊर्जा गंवा रहे हैं। अतिश्योक्ति नहीं होगी कि आज युवाओं में बेरोजगारी से बड़ी चुनौती उनमें पनप रही नशाखोरी है जिससे छत्तीसगढ़ भी अछूता नहीं है।

गौरतलब है कि राज्य के नवा रायपुर में नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो 'एनसीबी' के दफ्तर का शुभारंभ करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बताया कि प्रदेश में नशीली दवा का उपयोग 1.45 फीसदी तथा गांजा का उपयोग 4.98 फीसदी किया जा रहा है जो राष्ट्रीय औसत से ज्यादा है। बिलाशक छत्तीसगढ़ जैसे विकासशील राज्य के लिए यह आंकड़ा बेहद चिंताजनक है। अलबत्ता राज्य में एनसीबी कार्यालय खुलने से नशे के कारोबार को रोकने में मदद मिल सकती है क्योंकि छत्तीसगढ़ गांजा जैसे सूखे नशे के तस्करी का बड़ा कॉरिडोर है जिसके रास्ते देश के 17 राज्यों को यह मादक पदार्थ पहुंचता है जिसकी कीमत तकरीबन 600 करोड़ आंकी गई है। नेशनल ड्रग डिपेंडेंस ट्रीटमेंट 'एनडीटीडी' के मुताबिक देश के 10 वर्ष के किशोर से लेकर 75 साल के बुजुर्ग आबादी में से लगभग बीस फीसदी लोग किसी न किसी तरह के नशीले पदार्थों का सेवन करते हैं। बहरहाल बढ़ते नशाखोरी का दुष्परिणाम परिवार और समाज को भोगना पड़ रहा है। आश्चर्यजनक तौर पर नशा करने वालों में महिलाओं की संख्या भी अच्छी खासी है जबकि नशे के कारण होने वाले घरेलू हिंसा का सबसे ज्यादा शिकार महिलाएं ही हो रही हैं।

बिलाशक भारतीय युवा अपनी प्रतिभा का लोहा पूरी दुनिया को मनवा रहे हैं लेकिन विडंबना यह भी कि पाश्चात्य संस्कृति को प्रगतिशीलता का पैमाना मानने वाले इन युवक- युवतियों के लिए नशा का सेवन उनके ' कल्चर' का अहम हिस्सा बन रहा है। एक सर्वेक्षण के मुताबिक 70 फीसदी किशोर और युवा पीढ़ी अपनी आर्थिक हैसियत और उपलब्धता के लिहाज से अपने आपको किसी न किसी नशीले पदार्थ के सेवन का आदी बना लिया है। इन नशीले पदार्थों में शराब, स्मैक , हेरोइन, कोकीन, ब्राउन शुगर, अफीम, चरस, गांजा,चरस, भांग, सिगरेट, तंबाकू युक्त गुटखा, खैनी, नशीली टैबलेट व सिरप आदि शामिल हैं। नेशनल ड्रग डिपेंडेंस ट्रीटमेंट के मुताबिक देश में नशा करने वाली आबादी की पहली पसंद शराब है जबकि गांजा दूसरे नंबर पर है। आश्चर्यजनक तौर पर महानगरों से लेकर छोटे - बड़े शहरों के स्कूल - कॉलेजों के छात्र नशीले दवाओं और इंजेक्शन के गिरफ्त में है यहां तक कि यह स्लम बस्तियों में भी लोगों को उपलब्ध हो रहा है।



चिंताजनक यह कि अनेक लोग एक ही सिरींज का उपयोग इस नशीले इंजेक्शन को लेने के लिए कर रहे हैं जिससे एचआईवी के मामले बढ़ने की पूरी संभावना है। देश में नशीले दवाओं का बाजार लगातार बढ़ रहा है जिसका सबसे बड़े उपभोक्ता युवा वर्ग हैं। ड्रग वॉर डिस्टॉर्शन और वर्डोमीटर के एक रिपोर्ट के मुताबिक देश में नशीले दवाओं और इंजेक्शन का कारोबार 30 लाख करोड़ से ज्यादा का है। दूसरी ओर स्लम बस्तियों रहने वाले या कबाड़ बीनने वाले छोटे - छोटे बच्चे जिनको स्कूलों में होना चाहिए वे बोनफिक्स या पंचर चिपकाने में प्रयुक्त होने वाले सुलेशन एढेसिव को नशे के तौर पर सूंघ रहे हैं। एक सर्वेक्षण के अनुसार अस्सी के दशक में शराब एवं अन्य नशीले पदार्थों के सेवन की औसत आयु 28 साल थी जो अब 15 वर्ष पर आ गई है, महानगरों और शहरों में तो यह 13 वर्ष तक पहुंच चुकी है। विचारणीय है कि जिन युवाओं के कंधों पर देश का भविष्य टिका है वह खुद नशे में बेसुध होकर दूसरों के कंधे का सहारा ढूंढ रहे हैं।

चिंतनीय है कि युवाओं में बढ़ती नशाखोरी का दुष्परिणाम उनके स्वास्थ्य के साथ - साथ परिवार और समाज में भी दृष्टिगोचर होने लगा है। शराब एवं अन्य मादक पदार्थों के सेवन से जहां युवाओं में बड़ी तेजी से हृदय, फेफड़ों, लिवर, किडनी रोग, उच्च रक्तचाप, मधुमेह जैसे शारीरिक रोग तथा अनेक मानसिक रोगों के मामले बढ़ रहे हैं वहीं इससे अपराध भी बढ़ रहे हैं। एक शोध के मुताबिक अनेक सड़क हादसों सहित आत्महत्या, घरेलू हिंसा, तलाक सहित लूटपाट, हत्या और दुष्कर्म जैसे जघन्य अपराधों के मूल में नशाखोरी ही होती है। आंकड़ों के मुताबिक भारत में हर साल 14 हजार सड़क दुघर्टनाएं शराब सहित अन्य नशीले पदार्थों के नशाखोरी के कारण होती हैं जिसमें अधिकतर युवा चालक होते हैं। एनसीआरबी के रिपोर्ट के मुताबिक हत्या,लूट जैसे अपराध में नशा सेवन का मामला 73.5 फीसदी तथा दुष्कर्म जैसे जघन्य अपराध 87 फीसदी होता है। अलबत्ता देश में पनप रहे आतंकवादी और अलगाववादी संगठनों के लिए धन की व्यवस्था भी मादक पदार्थों के अवैध व्यापार और तस्करी के जरिए हो रहा है।

गौरतलब है कि भारत अपने सामाजिक और सांस्कृतिक अनुशासन, आचरण, संस्कार और पाबंदियों के कारण पश्चिमी देशों के लिए सदैव उत्सुकता का विषय रहा है लेकिन आज का यंगिस्तान नशाखोरी में मदमस्त होकर वर्जनाओं और अनुशासन को तोड़ने में कोई संकोच नहीं कर रहा है। विडंबना यह कि शिक्षा के मंदिर युनिवर्सिटी, कॉलेज, हास्टल और स्कूल कैंपस में रहने वाले स्टूडेंट्स को आसानी से मादक पदार्थ उपलब्ध हो रहे हैं तथा यह कैंपस इनके उपभोग और कारोबार के मुख्य अड्डा बने हुए हैं।

माना कि नशा एक सामाजिक बुराई है लेकिन इसके लिए प्रमुख रूप से हमारी राजनीतिक , सामाजिक, पारिवारिक और आर्थिक समस्याएं, बेरोजगारी, मानसिक तनाव और नशीले चीजों की आसान उपलब्धता जैसे कारण जिम्मेदार हैं। आज के व्यस्ततम दिनचर्या में खासकर कामकाजी पालकों के पास इतना समय ही नहीं है कि वे अपने बच्चों को समय दे सकें, उनके समस्याओं पर बात करें या फिर यह पता लगाएं कि उनके बच्चे नशाखोरी या किसी मानसिक समस्या से तो नहीं जूझ रहे हैं? लिहाजा अभिभावकों को अपने बच्चों के प्रति जिम्मेदार, संवेदनशील और सहयोगात्मक बनना होगा। यदि किशोरों और युवाओं के व्यवहार में अचानक बदलाव, आक्रामकता, सामाजिक या पारिवारिक गतिविधियों से अलगाव, बगैर अभिभावक के जानकारी के शिक्षण संस्थानों या कर्तव्य स्थल से अनुपस्थिति, पैसा चोरी या अचानक जेब खर्च के लिए ज्यादा पैसों की मांग, कार्यक्षमता और उत्साह में कमी जैसे प्रवृत्तियां दिखे तो पालकों को सचेत हो जाना चाहिए कि कहीं उनके बच्चे को नशे की लत तो नहीं लग रही है? ऐसे लक्षण दिखाई देने पर तुरंत मनोरोग विशेषज्ञों अथवा मनोवैज्ञानिकों से परामर्श लेना चाहिए।

विचारणीय यह भी है कि हर सरकार को जनकल्याणकारी और विकास योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए राजस्व की दरकार होती है और शराब तथा अन्य मादक पदार्थ राजस्व प्राप्ति के प्रमुख स्त्रोत हैं। इस तथ्य के बावजूद शराब और अन्य नशीले पदार्थों के समाज, जनस्वास्थ्य और कानून व्यवस्था पर पड़ने वाले नाकारात्मक प्रभाव के मद्देनजर सरकारों को राजस्व नुकसान की भरपाई के लिए अन्य स्त्रोतों पर विचार करते हुए मादक पदार्थों के व्यापार को प्रतिबंधित करने की जरूरत है आखिरकार यह देश के युवाओं से जुड़ा मसला है जिनके हाथों देश का भविष्य निर्भर है। अहम तथ्य यह भी है कि पुलिस प्रशासन के सहयोग और सख्ती के बिना शराब और अन्य नशीले पदार्थों के व्यापार और तस्करी को रोकना असंभव है।

यह कहना गैर मुनासिब नहीं होगा कि शराब सहित अनेक नशीले पदार्थों के अवैध व्यापार और सेवन को संरक्षण स्थानीय स्तर पर पुलिस महकमे द्वारा ही मिलता है। दूसरी ओर जनमानस में पुलिस प्रशासन के प्रति नकारात्मक छवि के बावजूद सुकूनदायक यह कि छत्तीसगढ़ पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी संतोष कुमार सिंह के 'निजात अभियान' ने समाज के सामने एक अनुकरणीय मिसाल प्रस्तुत किया है। गौरतलब है कि वर्तमान में राज्य के राजधानी में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के तौर पर पदस्थ संतोष कुमार सिंह जहां भी पदस्थ रहे उन्होंने पुलिस प्रशासन के सामाजिक सरोकार के मद्देनजर इस अभियान को चलाया था जिसका अच्छा प्रतिसाद भी मिला है। केंद्र और राज्य सरकारें लगातार आम नागरिकों और पुलिस के बीच विश्वास कायम करने के लिए ' कम्यूनिटी पुलिसिंग' पर जोर देती रही है लिहाजा "निजात" जैसे अभियान इस दिशा में सार्थक साबित हो सकते हैं। इसके अलावा देश के विभिन्न धार्मिक और सामाजिक संगठनों को नशामुक्ति अभियान में अपनी सक्रिय भूमिका निभानी होगी। मादक पदार्थों के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर होने वाले दुष्प्रभाव की जानकारी हेतु स्कूलों और कॉलेजों के सिलेबस में अनिवार्य रूप से इससे संबंधित विषय शामिल किए जाएं। शिक्षण संस्थानों में राष्ट्रीय सेवा योजना 'एनएसएस' और एनसीसी के माध्यम से नशामुक्ति अभियान चलाने की जरूरत है ताकि नई पीढ़ी इन सामाजिक बुराईयों से दूर रहें।

## पेरिस पैरालंपिक

योगेश कुमार गोयल



# पैरालंपिक खेलों में नया इतिहास रचेगा भारत!


पेरिस ओलंपिक में छह पदक जीतने के बाद भारत के खेल प्रेमियों की निगाहें अब पेरिस पैरालंपिक खेलों पर टिक गई हैं, जो 28 अगस्त से 8 सितम्बर तक चलेंगे। पैरालंपिक में 22 अलग-अलग प्रतियोगिताओं में कुल 549 पदक स्पर्धाओं में दुनियाभर के 4 हजार से अधिक खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। भारत को पूरी उम्मीद हैं कि पेरिस पैरालंपिक में हमारे खिलाड़ी कम से कम एक दर्जन पदक जीतने में अवश्य सफल होंगे। इन उम्मीदों के हकीकत में बदलने की इसलिए भी प्रबल संभावनाएं हैं क्योंकि 2021 में हुए टोक्यो पैरालंपिक-2020 में भारत के कुल 54 खिलाड़ियों ने केवल 9 खेलों में ही हिस्सा लिया था और खेलों के उस महाकुंभ में 5 स्वर्ण, 8 रजत और 6 कांस्य सहित कुल 19 पदक जीतने में सफल हुए थे, जो भारत का पैरालंपिक में अभी तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। इस बार भारत के 84 पैरा खिलाड़ी कुल 12 खेलों में हिस्सा ले रहे हैं, जो किसी भी पैरालंपिक में भारत का अब तक का सबसे बड़ा दल है।

भारतीय पैरालंपिक समिति के अध्यक्ष देवेन्द्र झाझरिया तो पेरिस पैरालंपिक खेलों में कम से कम 25 पदक मिलने की भविष्यवाणी कर चुके हैं। यदि भारत वाकई इतने पदक जीतने में सफल हो जाता है तो यह न केवल भारत के लिए एक नया इतिहास बनेगा बल्कि भारत में इससे अन्य खिलाड़ियों का हौसला भी कई गुना बढ़ेगा। पेरिस पैरालंपिक में भारत जिन तीन नई स्पर्धाओं में हिस्सा ले रहा है, उनमें पैरा साइकलिंग, पैरा रोइंग और ब्लाइंड जूडो शामिल हैं। भारतीय पैरा एथलीटों के ज्यादा से ज्यादा पदक जीतने की संभावनाएं इसलिए भी बलवती हो रही हैं क्योंकि भारतीय दल में कई ऐसे खिलाड़ी शामिल हैं, जो पिछले पैरालंपिक में पदक जीतकर भारत को गौरवान्वित कर चुके हैं। यही नहीं, जापान के कोबे में मई 2024 में हुई विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भी भारतीय पैरा एथलीट बेहतरीन प्रदर्शन कर इस उम्मीद को बढ़ा चुके हैं। पिछले दिनों सम्पन्न हुए पेरिस ओलंपिक में जहां भारत 71वें पायदान पर पहुंच गया था। वहीं विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में 6 स्वर्ण, 5 रजत और 6 कांस्य पदक जीतकर पदक तालिका में छठे स्थान पर रहा था। इस बार के पैरालंपिक में सबसे ज्यादा उम्मीदें भाला फेंक खिलाड़ी सुमित अंतिल और निशानेबाज अवनि लेखरा पर टिकी हैं। दोनों ने ही पिछले पैरालंपिक में स्वर्ण पदक जीते थे और ये दोनों टोक्यो पैरालंपिक में भी स्वर्ण पदक जीतकर देश को गौरवान्वित करने का हरसंभव प्रयास करेंगे। पेरिस पैरालंपिक में उन सभी भारतीय खिलाड़ियों को पदक का प्रबल दावेदार माना जा रहा है, जिन्होंने टोक्यो पैरालंपिक खेलों में पदक जीता था या पिछले कुछ समय में अन्य पैरालंपिक प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन किया है। सुमित और अवनि के अलावा एक तीरंदाज शीतल देवी भी हैं। वहीं, बैडमिंटन के पुरुषों के सिंगल मुकाबले में स्वर्ण जीतने वाले कृष्णा नागर, महिलाओं की शॉट पुट में एशियन पैरा खेलों और मई महीने में ही पैरा एथलेटिक्स विश्व चैंपियनशिप में रजत पदक जीत चुकी भाग्यश्री जाधव, दुनियाभर में रैंकिंग में पहले पायदान पर मौजूद और पिछले पैरालंपिक में बैडमिंटन में रजत जीतने वाले सुहास यतिराज से भी पदक जीतने की बहुत उम्मीदें हैं। टोक्यो पैरालंपिक में भी भारत पदक तालिका में 24वें स्थान पर रहा था। इस बार भारतीय खिलाड़ियों से टोक्यो पैरालंपिक के प्रदर्शन को दोहराने या उससे भी बेहतर प्रदर्शन की संभावनाएं जताई जा रही हैं। भारत ने अभी तक कुल 12 पैरालंपिक खेलों में हिस्सा लिया है और उनमें से टोक्यो सहित केवल 6 में ही पदक जीते हैं।

पैरालंपिक खेलों में भारत ने पहला पदक 1972 के हाईडेलबर्ग खेलों में जीता था। तब पुरुषों के 50 मीटर फ्रीस्टाइल में मुरलीकांत पेटकर ने स्वर्ण पदक जीतकर वह उपलब्धि हासिल की थी। वहीं, 2016 के पैरालंपिक में स्वर्ण पदक जीतने वाले देवेंद्र झाझरिया को भारत के सबसे सफल पैरालंपिक खिलाड़ी होने का गौरव हासिल है। 1984 के न्यूयॉर्क पैरालंपिक में जोगिंदर सिंह बेदी ने तो तीन खेल स्पर्धाओं (भाला फैंक, चक्का फैंक और गोला फैंक) में 1 रजत और 2 कांस्य सहित एक ही पैरालंपिक में कुल तीन पदक जीतकर इतिहास रच दिया था। बहरहाल, भारतीय पैरा एथलीट अंतरर्राष्ट्रीय पैरा स्पर्धाओं में जिस प्रकार बेहतरीन प्रदर्शन कर रहे हैं, ऐसे में पूरी संभावना है कि हमारे खिलाड़ी पैरा खेलों के इस महाकुंभ में नया इतिहास रचने में सफल होंगे। 2023 में हांग्जो एशियाई पैरा खेलों में भारत 29 स्वर्ण, 31 रजत और 51 कांस्य पदकों के साथ कुल 111 पदक जीतने में सफल हुआ था।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## कष्टों से भागें नहीं उनका सामना करें




संकलित

दर्शन

हमारे रोजमर्रा के जीवन में समस्याओं का पैदा होना स्वाभाविक है। हमारे जीवन की सबसे बड़ी समस्याएं वे हैं, जिनका हमें सामना करना पड़ता है, जैसे- बुढ़ापा, बीमारी और मृत्यु। इन समस्याओं से बचने या उनके विषय में न सोचने से अस्थायी आराम तो मिल सकता है लेकिन, अगर आप अपने कष्ट का खुलकर सामना करते हैं तो आप अपनी समस्या को ज्यादा अच्छे ढंग से समझ सकते हैं। यदि आप कोई युद्ध लड़ रहे हैं तो जब तक आप अपने शत्रु की स्थिति और उसकी सैन्य क्षमता पर ध्यान नहीं देंगे, तब तक आपकी तैयारी पूरी नहीं होगी और आप डर के कारण शिथिल हो जाएंगे। यदि आपको अपने शत्रु की सैन्य क्षमता और उसके हथियारों आदि के बारे में पता लग जाए तो युद्ध के समय आपकी स्थिति बेहतर हो जाएगी। इसी तरह यदि आप अपनी समस्याओं से बचने के बजाय उनका सामना करेंगे तो उनसे निपटने में आपको आसानी होगी। उदाहरण के लिए आपको बुढ़ापा और मृत्यु नकारात्मक या अवांछित लगें और आप उन्हें भूलना चाहें, फिर भी ये चीजें तो आएंगी। यदि आप इनके बारे में सोचने से बचते रहें तो जिस दिन इनमें से कोई भी घट गई तो आपको असहनीय मानसिक पीड़ा हो सकती है। यदि आप बुढ़ापा, मृत्यु और इस तरह की दुर्भाग्यपूर्ण चीजों पर सोचने में कुछ समय लगाएंगे तो इनके होने पर भी आपका मस्तिष्क स्थिर रहेगा। एक बात व्यक्ति को ध्यान में रखनी है, वह यह है कि कष्ट के बारे में विचार करना बहुत जरूरी है, क्योंकि इससे बचने की संभावना है; एक विकल्प है। कष्ट से मुक्त होने की संभावना है। कष्ट के कारण को दूर करके मुक्ति की अवस्था को प्राप्त करना संभव है। बौद्ध मतानुसार, कष्ट के मूलत तीन कारण हैं- अज्ञानता, तृष्णा और घृणा। इन्हें 'मस्तिष्क के तीन विष' कहा जाता है। बौद्ध संदर्भ में इन शब्दों के विशिष्ट अर्थ हैं।

## चेहरा देखकर उसके चरित्र जान गए सुकरात



संकलित

प्रेरणा

दुनिया के महान दार्शनिकों में से एक सुकरात एक बार अपने शिष्यों के साथ बैठ कर किसी विषय पर चर्चा कर रहे थे। तभी वहां एक ज्योतिषी आ गया। उसने देखा कि कोई भी उस पर विशेष ध्यान नहीं दे रहा है तो उसने सबका ध्यान अपनी ओर आकर्षित करते हुए कहा, 'मैं बहुत बड़ा ज्योतिषी हूं। मैं किसी का भी चेहरा देखकर उसके चरित्र के बारे में बता सकता हूं। बताओ तुममें से कौन मेरी इस विद्या को परखना चाहेगा?' उसकी यह बात सुनकर सभी शिष्य सुकरात की ओर देखने लगे। सुकरात ने मुस्कराते हुए उस ज्योतिषी से अपने बारे में बताने के लिए कहा। वह ज्योतिषी उन्हें ध्यान से देखने लगा। सुकरात देखने में कुरूप थे। उन्हें कुछ देर निहारने के बाद ज्योतिषी ने कहा, 'तुम्हारे चेहरे की बनावट से पता चलता है कि तुम सत्ता विरोधी हो। तुम्हारे अंदर द्रोह करने की भावना प्रबल है। तुम्हारी आंखों की बनावट से लगता है कि तुम अत्यंत क्रोधी स्वभाव के हो।' अपने गुरु के बारे में ये बातें सुनकर वहां बैठे शिष्यों को गुस्सा आ गया। उन्होंने उस ज्योतिषी को तुरंत वहां से जाने के लिए कहा। लेकिन सुकरात ने उन्हें शांत करते हुए ज्योतिषी को अपनी बात पूरी करने के लिए कहा। ज्योतिषी ने अपनी बात को जारी रखते हुए कहा, 'तुम्हारे बेडौल सिर और माथे से पता चलता है कि तुम लालची हो। तुम्हारी ठुड्डी की बनावट तुम्हारे सनकी होने की तरफ इशारा करती है।'उसकी ये बातें सुनकर शिष्य और भी क्रोधित हो गए, लेकिन सुकरात गुस्सा होने की बजाय मुस्करा रहे थे। उन्होंने ज्योतिषी को इनाम देकर विदा किया। सुकरात के इस व्यवहार को देखकर शिष्य उन्हें आश्चर्य से देखने लगे और उनसे पूछा, 'गुरुजी, हमें आपकी यह बात समझ नहीं आई कि आपने उस ज्योतिषी को इनाम क्यों दिया, जबकि उसने जो कुछ भी कहा, वो सब झूठ था?' 'नहीं शिष्यों, ज्योतिषी ने मेरे बारे में जो कुछ भी कहा है, वे सब सच है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### जनसंख्या वृद्धि समस्याओं की जड़

हमारा देश विकास और अन्य बहुत से अच्छे कामों में दुनिया भर में नंबर वन पर है और आगे भी बढ़ रहा है, लेकिन जनसंख्या के मामले में भी हमारा देश दुनिया भर में एक नंबर पर पहुंच चुका है। इस मामले में हमने चीन को भी पीछे छोड़ दिया है। अभी हाल ही में संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष की रिपोर्ट में बताया गया है कि हमारे देश की जनसंख्या लगभग 144 करोड़ के आंकड़े तक पहुंच गई है और भारत की जनसंख्या 77 वर्षों में दोगुनी हो सकती है। अगर भारत सरकार और देश का आमजन बढ़ती जनसंख्या को रोकने के लिए गंभीरता दिखाए तो भारत जनसंख्या वृद्धि के मामले में आगे नहीं बढ़ेगा। जनसंख्या वृद्धि को रोकना नितांत आवश्यक है क्योंकि इससे कई समस्याएं पैदा होती हैं।

*-युवा कुमार साहू*

## ट्रेंड

### शांतिपूर्ण समाधान



आज राष्ट्रपति पुतिन से बात हुई। रूस व यूक्रेन संघर्ष और यूक्रेन की हालिया यात्रा पर मेरी अंतर्दृष्टि पर विचारों का आदान-प्रदान हुआ। संघर्ष के शीघ्र, स्थायी और शांतिपूर्ण समाधान का समर्थन करने के लिए भारत की दृढ़ प्रतिबद्धता दोहराई।

**-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### एमएसपी की गारंटी



किसानों से किए वादों को पूरा करने में नाकाम मोदी सरकार का दुष्प्रचार तंत्र लगातार किसानों का अपमान करने में जुटा हुआ है। नरेंद्र मोदी और भाजपा कितनी भी साजिश कर लें, 'इंडिया' किसानों को एमएसपी की कानूनी गारंटी दिलवा कर रहेगा।

**-राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद**

### समर्थन के लिए आभार



ओलंपिक के बाद गोरिया (झज्जर) लौटना एक अद्भुत एहसास है। मेरे प्रशंसकों, दोस्तों और परिवार के अटूट समर्थन के लिए आभार। गर्मजोशी भरे और अद्भुत स्वागत के लिए सभी को हार्दिक धन्यवाद। यह जीत हम सभी के लिए है।

**-मनु भाकर, भारतीय निशानेबाज**

### शिशु का विकास



बहुत सारे बच्चे इसलिए बीमार हो जाते हैं क्योंकि पाउडर वाले दूध का पानी उस पानी में मिला दिया जाता है जो दूषित होता है। जबकि मां के दूध में ही शिशु के विकास के लिए आवश्यक पोषण होत है।

**-शेखर कपूर, फिल्मकार**

## करंट अफेयर

# मुझे कुछ होने पर आईएसआई महानिदेशक जिम्मेदार: इमरान

जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने मंगलवार को दोहराया कि उनकी हालत के लिए सेना और आईएसआई जिम्मेदार हैं और साथ ही उन्होंने अपनी जान को खतरे का अंदेशा भी जताया। पिछले साल से अदियाला जेल में बंद खान (71) ने वर्तमान सरकार पर आरोप लगाया कि उसे देशभर में बिगड़ती कानून-व्यवस्था और पाकिस्तान क्रिकेट को बर्बाद करने को लेकर आलोचना बर्दाश्त नहीं है। खान ने जेल से सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर किये गए एक पोस्ट में चुनावों में धांधली के बारे में दावा दोहराया और कहा कि केवल एक वास्तविक जनादेश वाली सरकार ही मौलिक सुधारों की योजना बनाने में सक्षम होगी। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के संस्थापक खान ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, आईएसआई मेरे कारावास से संबंधित सभी प्रशासनिक मामलों को नियंत्रित करती है। मैं इसे फिर से कह रहा हूं: अगर मेरे साथ कुछ भी होता है, तो सेना प्रमुख और डीजी (महानिदेशक) आईएसआई जिम्मेदार होंगे। खान की यह टिप्पणी ऐसे समय आयी है जब पाकिस्तान सरकार ने दो दिन पहले यह कहा था कि पिछले साल नौ मई को हुई हिंसा से संबंधित मामलों में पूर्व प्रधानमंत्री खान के खिलाफ मुकदमा सैन्य अदालत में चलाया जा सकता है।



## ऑफ बीट

# वायु प्रदूषण से लोगों में मृत्यु का जोखिम बढ़ा

भारतीय जिलों में राष्ट्रीय मानक से अधिक वायु प्रदूषण से सभी उम्र वर्ग के लोगों में मौत का जोखिम बढ़ गया है। एक अध्ययन रिपोर्ट में यह दावा किया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, नवजात शिशुओं में यह जोखिम 86 प्रतिशत, पांच वर्ष से कम उम्र के बच्चों में 100-120 प्रतिशत तथा वयस्कों में 13 प्रतिशत बढ़ा है। मुंबई स्थित अंतरराष्ट्रीय जनसंख्या विज्ञान संस्थान के शोधकर्ताओं समेत अन्य शोधकर्ताओं के एक दल ने 700 से अधिक जिलों में सूक्ष्म कण पदार्थ (पीएम 2.5) संबंधी प्रदूषण के स्तर का अध्ययन किया। विश्लेषण के लिए आंकड़ा राष्ट्रीय परिवार एवं स्वास्थ्य सर्वेक्षण (पांचवें दौर) और राष्ट्रीय परिवेशी वायु गुणवत्ता मानक (एनएएक्यूएस) से लिया गया। अध्ययन में पाया गया कि जिन घरों में अलग रसोईघर नहीं है, वहां नवजात शिशुओं और वयस्कों में मृत्यु की आशंका अधिक होती है। 'जियोहेल्थ' पत्रिका में प्रकाशित अध्ययन रिपोर्ट में लेखकों ने कहा कि नवजात शिशुओं और पांच वर्ष से कम उम्र के बच्चों में, "भारत के उन जिलों में जहां पीएम 2.5 की सांद्रता राष्ट्रीय परिवेशी वायु गुणवत्ता मानक (एनएएक्यूएस) स्तर तक है, यह जोखिम क्रमश: लगभग दो गुना और दो गुना से भी अधिक है।



## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

लीला देवी कॉलेज ऑफ नर्सिंग एण्ड फार्मेसी
बी एस सी नर्सिंग [60 Seats]
डिप्लोमा इन फार्मेसी [60 Seats]
महाविद्यालय परिसर : ग्रेटर रायपुर, मोतीपुर, जामगांव रोड, जिला -दुर्ग
9131880895, 8319870997
6, इंस्टीट्यूशनल एरिया, मुखर्जी हॉस्टल के पीछे, शासकीय विज्ञान महाविद्यालय, रायपुर
83700 77700, 7024125200


## रजनीकांत की 'कुली' में आमिर करेंगे कैमियो

**मुंबई।** सुपरस्टार रजनीकांत इन दिनों कई फिल्मों को लेकर सुर्खियों में छाए हुए हैं। फिलहाल वे अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म 'कुली' की शूटिंग में व्यस्त हैं। फिल्म की शूटिंग की कुछ तस्वीरें भी सामने आई थी, जिसे देख दर्शकों के बीच उत्साह भी पैदा हो गया था। फिल्म की टीम ने अब तक दो अहम शेड्यूल पूरे कर लिए हैं। वहीं, फिल्म को लेकर बड़ी खबर सामने आ रही हैं, जो प्रशंसकों के लिए बड़ा तोहफा बन सकती है। वहीं, अब सोशल मीडिया पर चर्चा कि बॉलीवुड सुपरस्टार आमिर खान इस हैवी-ड्यूटी एक्शन ड्रामा में कैमियो करेंगे।

# जब अमिताभ को मिला था सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार, रेखा ने जाकर जया को लगाया था गले

*रेखा और अमिताभ बच्चन को लेकर बॉलीवुड गलियारों में अक्सर कुछ ना कुछ अफवाहें उड़ती आई हैं। ये अफवाहें तभी से हैं जब दोनों सितारे एक साथ काम किया करते थे। इसी बीच अब एक पुराना वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें अमिताभ बच्चन को सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार मिलने पर रेखा अपनी खुशी को रोक नहीं पाईं और जाकर जया बच्चन को गले लगा लिया, जिसे देखकर वहां पर मौजूद सभी लोग दंग रह गए थे।*

**नई दिल्ली।** अब यह वीडियो एक बार फिर से सुर्खियों में आ गया है और सोशल मीडिया पर जमकर देखा जा रहा है। दरअसल, 2015 के स्टार स्क्रीन अवाड्र्स के दौरान अमिताभ बच्चन को सर्वश्रेष्ठ अभिनेता के पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। उस दौरान अमिताभ को पुरस्कार मिलने पर रेखा अपनी खुशी को रोक नहीं पाईं। ऐसा अक्सर नहीं होता कि दिग्गज अदाकारा रेखा और जया बच्चन एक साथ एक ही फ्रेम में हों, लेकिन 2015 के स्टार स्क्रीन अवॉड्र्स में दोनों के बीच एक ऐसा वक्त आया था जब रेखा ने जया को गले लगाया था। यह मौका था अमिताभ बच्चन को फिल्म 'पीकू' के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार, मिला था। उस दौरान पुरस्कार समारोह में मौजूद सभी हस्तियां अमिताभ के सम्मान में



खड़ी हो गई थीं और रेखा ने जया को गले लगाकर इस पल को और भी यादगार बना दिया था। लेकिन, यह वीडियो जितना उस समय हैरानी भरा था, आज भी दर्शकों के लिए यह किसी अचम्भे से कम नहीं है। क्योंकि, जया और रेखा को एक फ्रेम में देखना तो दूर की बात एक-दूजे को गले लगाते देखना उनके प्रशंसकों के लिए काफी बड़ी बात है।

जैसे ही अमिताभ बच्चन का नाम विजेता के रूप में घोषित किया गया, जया और अमिताभ दोनों अपनी सीटों से उठ खड़े हुए। जब अमिताभ पुरस्कार लेने के लिए मंच की ओर बढ़े, तो रेखा, जो थोड़ी दूर बैठी थीं, अचानक जया की ओर बढ़ी और उन्हें कसकर गले लगा लिया। वहां पर मौजूद सभी प्रशंसक और उपस्थित लोग यह नजारा देखकर चौंक गए थे।

### कई फिल्मों में किया काम

रेखा और अमिताभ बच्चन ने कई क्लासिक फिल्मों में बेहतरीन अभिनय किया है, जिनमें 'मुकद्दर का सिकंदर', 'मिस्टर नटवरलाल' और 'गंगा की सौगंध' शामिल हैं। लेकिन सबसे चर्चित फिल्म रही यश चोपड़ा की सिलसिला। यह फिल्म 1981 में रिलीज हुई थी और इस फिल्म में जया बच्चन, रेखा और अमिताभ बच्चन ने अहम भूमिका निभाई थीं। मीडिया रिपोट्र्स के अनुसार, इस फिल्म में रेखा, अमिताभ और जया के वास्तविक जीवन की समानताओं के बारे में अटकलें लगाई गई थीं। हालांकि, फिल्म 'सिलसिला' में अमिताभ और रेखा ने आखिरी बार साथ काम किया था, जिसने बॉलीवुड की सबसे मशहूर ऑन-स्क्रीन जोड़ियों में से एक के रूप में अपनी जगह बना रखी है। मीडिया रिपोट्र्स के अनुसार, 2004 में सिमी ग्रेवाल के एक शो के दौरान रेखा ने खुले तौर पर अमिताभ बच्चन से प्यार करने की बात स्वीकारी थी और अपनी भावनाओं को भावुक और हताश बताया था।

## हंसल मेहता ने पूरी की 'गांधी' की शूटिंग

**नई दिल्ली।** निर्देशक हंसल मेहता ने अपनी आगामी सीरीज 'गांधी'की शूटिंग पूरी कर ली है। निर्माता ने सोशल मीडिया पर क्रू मेंबर्स के साथ कुछ यादगार तस्वीरें साझा करते हुए शूटिंग के खत्म होने की जानकारी साझा की है। इस सीरीज में 'स्कैम 1992: द हर्षद मेहता स्टोरी'के अभिनेता प्रतीक गांधी मुख्य भूमिका निभा रहे हैं। पोस्ट साझा करते हुए हंसल मेहता ने लिखा, हम 220 दिनों से ज्यादा समय तक साथ रहे, 400 दिनों से ज्यादा समय तक तैयारी की और एक-दूसरे को जाना। इस दौरान हमने खुद को भी थोड़ा-बहुत जाना। पोस्ट-प्रोडक्शन के बचे हुए काम के पूरे होने पर ये यादें और भी बेहतर हो जाएंगी। गांधी'सीरीज में अभिनेत्री भामिनी ओझा कस्तूरबा गांधी की भूमिका में नजर आएंगी।



# मुकेश ने फिल्म 'निर्दोष में किया था अभिनय पहला गाना अपनी बहन की शादी में था गाया



*__नई दिल्ली।__ मुकेश चंद माथुर का जन्म 22 जुलाई 1923 को दिल्ली में हुआ था, जिन्हें मुकेश के नाम से बेहतर जाना जाता है। मुकेश एक भारतीय पार्श्व गायक थे। मुकेश को हिंदी फिल्म उद्योग के सबसे लोकप्रिय और पार्श्व गायकों में से एक माना जाता है। उनके द्वारा गाए गीत आज भी दर्शकों को बेहद पसंद हैं। मुकेश ने अपने जमाने के कई दिग्गज कलाकारों को अपनी आवाज दी। जिनमें अभिनेता राज कपूर, मनोज कुमार, फिरोज खान, सुनील दत्त और दिलीप कुमार शामिल हैं। यूं तो मुकेश ने अपने जमाने के सभी लीड एक्टर्स के लिए गाने गाए हैं, लेकिन सबसे ज्यादा उन्होंने शोमैन राज कपूर के लिए गाए हैं। इनमें 'दोस्त-दोस्त ना रहा', 'जीना यहां मरना यहां', 'सजन रे झूठ मत बोलो', 'कहता है जोकर', 'दुनिया बनाने वाले', 'आवारा हूं' और 'मेरा जूता है जापानी' सहित अनेक गाने शामिल हैं। मुकेश का जन्म एक माथुर कायस्थ परिवार में हुआ था। उनके माता-पिता जोरावर चंद माथुर, एक इंजीनियर और चंद्रानी माथुर थे। वह दस बच्चों के परिवार में छठे थे। संगीत शिक्षक जो मुकेश की बहन सुंदर प्यारी को पढ़ाने के लिए घर आए थे, उन्हें मुकेश में एक शिष्य मिला। मुकेश ने 10वीं कक्षा के बाद पढ़ाई छोड़ दी थी। उन्होंने दिल्ली में अपनी नौकरी के दौरान वॉयस रिकॉर्डिंग के साथ प्रयास किया और धीरे-धीरे अपनी गायन क्षमताओं को विकसित किया। मुकेश की आवाज पर सबसे पहले एक्टर और प्रडोड्यूसर मोतीलाल ने ध्यान दिया था, जो उनके दूर के रिश्तेदार थे, जब उन्होंने अपनी बहन की शादी में गाना गाया था। मोतीलाल उन्हें बॉम्बे ले गए और पंडित जगन्नाथ प्रसाद से गायन की शिक्षा दिलवाई। इस दौरान मुकेश को हिंदी फिल्म 'निर्दोष' (1941) में अभिनेता-गायक के तौर पर भूमिका की पेशकश की। उनका पहला गाना 'दिल ही बुझा हुआ हो तो' था, जो एक अभिनेता-गायक के तौर पर नीलकंठ तिवारी द्वारा लिखित 'निर्दोष' के लिए था। पार्श्वगायक के तौर पर उनका पहला हिट गाना 1945 में अभिनेता मोतीलाल के लिए फिल्म 'पहली नजर' में गाया 'दिल जलता है तो जलने दे' था। मुकेश यूएसए टूर पर थे, जब उनका निधन हुआ था। मुकेश का निधन 27 अगस्त 1976 को हुआ था। 53 साल के मुकेश की हार्ट अटैक से मौत हुई थी। तब सिंगर करियर में पीक पर थे। पर चंद मिनटों में सब कुछ खत्म हो गया।*

# सिद्धांत की 'युध्रा' का नया पोस्टर जारी



**मुंबई।** सिद्धांत चतुर्वेदी की आगामी फिल्म 'युध्रा' है। इस फिल्म से लगातार स्टारकास्ट के लुक से जुड़े नए पोस्टर सामने आ रहे हैं। मंगलवार को मेकर्स ने दो पोस्टर साझा किए हैं। एक में सिद्धांत इंटेंस लुक में नजर आ रहे हैं। दूसरे पोस्टर में फिल्म की हीरोइन मालविका मोहनन हैं। इस फिल्म को फरहान अख्तर अपनी एक्सेल एंटरटेनमेंट प्रोडक्शन कंपनी के बैनर तले बना रहे हैं। साथ ही रितेश सिधवानी इसके सह-निर्माता हैं। 'युध्रा' एक्शन फिल्म है। पोस्टर के साथ बताया गया है कि इस फिल्म का ट्रेलर 29 अगस्त को रिलीज होगा। फिल्म 20 सितंबर को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। पोस्टर में सिद्धांत और मालविका के पोस्टर पर यूजर्स कमेंट कर रहे हैं। पोस्टर में सिद्धांत काफी आक्रामक अंदाज में नजर आ रहे हैं। वहीं, अभिनेत्री का लुक भी शानदार है। मालविका के पोस्टर के साथ लिखा है, 'निखत, एक ऐसी चिंगारी जो 'युध्रा' आग को भड़काती है'। वहीं सिद्धांत के पोस्टर के साथ लिखा है, 'युध्रा - क्रोध उसका हथियार है, मृत्यु साथी है'। कहानी श्रीधर राघवन ने लिखी है। गाने फरहान अख्तर के पिता और मशहूर गीतकार फरहान अख्तर ने लिखे हैं।

## मुंबई को कहा अलविदा, प्रशंसक हुए भावुक



अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा हाल ही में मुंबई में अपने भाई सिद्धार्थ चोपड़ा और नीलम उपाध्याय की शादी के जश्न में शामिल हुईं। शादी समारोह के दौरान उन्होंने गुलाबी रंग की एक शानदार साड़ी पहनी थी, जो उनका 'देसी गर्ल'वाला लुक दे रहा था। प्रियंका मुंबई यात्रा के दौरान, वह फिल्म सिटी भी गईं। अब भारत से वापस जाते समय अभिनेत्री ने एक 'अलविदा मुंबई' संदेश के साथ विदाई देते हुए एक वीडियो साझा किया है। बता दें कि 27 अगस्त को, प्रियंका चोपड़ा ने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर अपने हवाई जहाज की खिड़की से मुंबई को अलविदा कहते हुए एक वीडियो साझा किया। अभिनेत्री का यह वीडियो देख प्रशंसक भावुक हो गए। वीडियो के साथ, उन्होंने लिखा, 'जल्द ही मिलते हैं, मुंबई।'






लोक साहित्य

डा. व्यास नारायण दुबे

## शब्दार्थ के आधार पर बोली का निष्कर्ष




छत्तीसगढ़ी बोली को शब्दार्थ के स्तर पर भेदक बोली रूपों के निर्धारण के लिए जिनका नौ शब्दों का चयन किया गया है, उनके आधार पर छत्तीसगढ़ी की अन्य बोली रूपों से पृथक सत्ता तीन शब्दों की दृष्टि से सिद्ध हो रही है, जबकि शेष कम या अधिक शब्दों की दृष्टि से उसका खल्हाटी, सरगुजिया, सदरी कोरवा, बहेलिया और पंडो में अभेद मिल रहा है। छत्तीसगढ़ी का खल्हाटी के साथ चार शब्दों के आधार पर, सरगुजियां के साथ तीन शब्दों के आधार पर, सदरी कोरवा के साथ एक शब्द के आधार पर, बहेलिया के साथ एक शब्द के आधार पर और पंडो के साथ चार शब्दों के आधार पर अभेद मिल रहा है। खल्हाटी की चार शब्दों के आधार पर छत्तीसगढ़ी की अन्य आठ बोली रूपों से सत्ता स्पष्ट हो रही है। बिंझवारी की सात शब्दों के आधार पर छत्तीसगढ़ी की अन्य बोलियों से पृथक बोली सिद्ध हो रही है, तथा शेष दो शब्दों के आधार पर मात्र हल्बी से उसका अभेद मिल रहा है। प्राप्त सामग्री में सैकड़ों ऐसे शब्द विद्यमान हैं जो सामूहिक रूप से नौ बोलियों को एक ही छत्तीसगढ़ी जनभाषा के अंतर्गत सिद्ध करने में सहायक है।

सुरता

रामकुमार वर्मा

## बांसगीत के कलाकार रिहिन निषाद जी




रायपुर जिला के पथर्रा गांव के निवासी रिहिन गुलाल राम निषाद। स्कूल मे पढ़े लिखे नी रिहिन फेर संगत के असर ले पढ़े लिखे ल सीखगे रिहिन। बचपन में गाय गरू, छेरी पटरू ल चराय के बेर बांस गीत गाए बर सीख डरिस। एक बाद बड़े बड़े मंच मे अपन प्रस्तुति देवत रिहिन। आप मन ला ए कला घर परिवार ले विरासत में मिले रीहिस। ऐकर सेती सीखे में जादा मेहनत नी लागिस। आप अपन गुरु जरवाय भिलाई के बदरुआ राउत ला मानत रेहेव। आप मन बांस गीत में ईसर गौरा, आल्हा ऊदल, भरथरी के किस्सा ला सुनावत रेहेव। ऐकर संग कई झन कलाकार ला बांस गीत गाए बर सिखायेव। आप अपन उमर के आंखरी सांस तक वादन करत रेहेव। आपके पीरा रीहिस कि नवा पीढ़ी मन ए कला डहन धियान नी देवत हे ता नंदा जाहि तेह बने नी होहि।



पुस्तक समीक्षा

## छत्तीसगढ़ का इतिहास




कृति के नाव
छत्तीसगढ़ का इतिहास

कृतिकार
डा. राम कुमार बेहार

प्रकाशक
महावीर प्रिंटर्स रायपुर

पुस्तक समीक्षा
डॉ. मुक्ति बेस

मूल्य
दो सौ पचास रुपए

छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के बाद यहां की भौगोलिक, राजनीतिक, सांस्कृतिक और तमाम पहलुओं को आगे लाने का प्रयास जारी है। इन प्रयासों को विभिन्न माध्यमों से सामने लाने का प्रयास होता रहा है। इन प्रयासों से हमारे राज्य की उपलब्धि का बारीकी से आकलन हो पाता है। यहां पर भी डा. राम कुमार बेहार ने ' छत्तीसगढ़ का इतिहास ' शीर्षक से यहां के इतिहास की बारीकियों को पुस्तक रूप में प्रकाशित कराया है। आपने छत्तीसगढ़ के इतिहास को पांच खंडों में विभाजित किया है, जिसमें पहले खंड में क्षेत्र का परिचय, नामकरण और सीमाएं दूसरे खंड में विभिन्न शासकों के शासन काल, तीसरे खंड में ब्रिटिश शासन काल और व्यवस्था, चौथे खंड में राजनीतिक व्यवस्था और पांचवें खंड में धार्मिक मान्यताओं को स्थान दिया है।



**छत्तीसगढ़ में भादो मास की अमावस्या को मनाया जाने वाला पोला पर्व को पोला पाटन और कुशोत्पाटनी नाम से भी जाना जाता है। लोक मान्यता है कि पोला के दिन धान की फसल गर्भ धारण करती है, इसलिए लोक मर्यादा के अनुरूप इस दिन खेत जाना वर्जित है।**

# कृषि कर्म से प्रेरित पर्व पोला

पोला भी हरेली की तरह कृषि कर्म से प्रेरित लोक पर्व है। इस दिन अंचल में नंदी अर्थात नौंदिया पूजा की परंपरा है। नंदी शिव का वाहन है। इस स्मृति को बनाए रखने के लिए इसदिन संध्या दैईहान में बैल दौड़ प्रतियोगिता होती है। किसान अपनी बैल जोड़ी को आकर्षक ढंग से सजाकर प्रतियोगिता में शामिल करते हैं। इसी समय महिलाएं और लड़कियां रंग बिरंगी पोशाकों में सज धज कर पोरा पटकने के लिए जाती हैं। गांव के बाहर महिलाएं एकत्रित होकर पोरा (घड़े का लघु रूप) फोड़ती हैं, जिसमें ठेठरी व खुरमी होता है। इस समय गांव के बाहर या चौराहे पर मेला सा लगा रहता है।

वातावरण में चारों तरफ गेंडीहारों की गेड़ी की आवाजें गूंजती हैं। छत्तीसगढ़ में गोल्लर ढिलने की परंपरा है। मृत व्यक्ति की स्मृति में या अन्य विशेष अवसरों पर संपन्न परिवार द्वारा गोल्लर ( सांड) छोड़ा जाता है, तब किशोर बछड़े को विधि विधान से उसके कमर पर गर्म हंसिया से त्रिशूल की आकृति दाग कर व उसके गर्दन और पीठ के मध्य भाग को काठा से नाप कर छोड़ा जाता है। यही किशोर बछड़ा गोल्लर के रूप में मान्य होता है। वह किसी के भी खेत में चर सकता है। उसके चरने पर कोई प्रतिबंध नहीं। इसलिए कि वह लोक में पूजित स्थान प्राप्त कर लेता है। इस तरह पोला हमारी लोक जीवन की सांस्कृतिक अस्मिता का पर्याय है।



परब विशेषः डा. पीसी लाल यादव

**छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश की सीमा के बीच मनेंद्रगढ़ कोरिया के समीप स्थित है। यहां से 8 किमी दूर बौरीडांड रेलवे स्टेशन से लगभग 5 किमी अंदर पैदल कर्मघोंघा जलप्रपात तक जाना होता है। एक अन्य रास्ते में मनेंद्रगढ़ से इमली गोलाई चौक से ग्राम भलौर व सालही होते हुए लगभग दो किमी पैदल चलने पर यह रमणीक स्थल तक पहुंचा जाता है।**



# अनेक महत्व संजोया कर्मघोंघा जलप्रपात



पर्यटनः विनोद कुमार पांडेय

कर्मघोंघा पहुंचने पर सर्वप्रथम कर्मघोंघेश्वर धाम का बोर्ड लगा है। यहीं बीच में छोटा सा हवन कुंड है। बाएं तरफ छोटा सा एक कमरे का धर्मशाला है। इसके दोनों तरफ चबूतरा बना हुआ है। हवन कुंड के सामने लगभग 15 फीट की ऊंचाई पर सीढ़ियों से चढ़ने पर तीन छोटे छोटे मंदिर हैं। इस मंदिर में भगवान शंकर विराजमान हैं।मूर्ति के ऊपर एक मटका रखा हुआ है, जिसमें श्रद्धालु जल भर देते हैं जो धीरे धीरे शिवलिंग पर गिरता रहता है। इसके ठीक बाजू में हनुमान जी की प्रतिमा है। इसके साथ ही माता दुर्गा भी विराजित हैं। यहीं पर पहाड़ी से 100 फीट की ऊंचाई से जल गिरता है। यह दृश्य अत्यंत रमणीय होता है। यहां महाशिवरात्रि और रामनवमी के अवसर पर मेला लगता है। दूर दूर से पर्यटक यहां के प्राकृतिक दृश्य को देखने आते रहते हैं।

पुरातात्विक

घनश्याम नाग

## धार्मिक मान्यता के लिए प्रसिद्ध ओंडकेरा गुड़ी



बस्तर की प्राचीन राजधानी बड़े डोंगर में ग्राम बंगोली के बीहड़ जंगल के अंदर एक भवन का अवशेष बिखरा पड़ा है। इस ध्वस्त भवन को ग्रामीण ओंडकेरा गुड़ी के नाम से जानते हैं। देवी देवताओं को नर बलि चढ़ाने के लिए जो आदमियों को पकड़ कर अपने कब्जे में कर लेता है, मानव की चोरी या तस्करी करता है, उसे स्थानीय भाषा में ओंडकेरा तथा भवन को गुड़ी कहते हैं। बस्तर में प्राचीन काल से नर बलि की प्रथा प्रचलित थी, नर बलि की प्रथा को बाकायदा राजाश्रय प्राप्त था। मधुर मण्डल के राजा मधुरांतक देव के शासन काल से नर बलि की जानकारी मिलती है। मधुरांतक देव द्वारा अपनी कुल देवी के समक्ष नर बलि चढ़ाई जाती थी। इस प्रथा को नियमित बनाए रखने के लिए उन्होंने राजपुर नामक एक गांव को समर्पित कर दिया था। चालुक्य वंशी राजाओं के शासन काल में भी नर बलि का उल्लेख मिलता है। चालुक्य नरेश महिपाल देव के शासन काल में तो दंतेवाड़ा के दंतेश्वरी मंदिर में विजयदशमी के अवसर पर त्रिवर्षीय नर बलि समारोह आयोजित हुआ करता था। इस नर बलि समारोह में सैकड़ों पशु मुण्डों के साथ साथ पंद्रह नर मुंड भी काटे जाते थे। सन 1825 ई. में तत्कालीन चांदा जिले के एक अंग्रेज सुप्रिटेंडेंट ने गुप्तचर भेजकर नर बलि समारोह के प्रकरण का पता लगाया था और जघन्य कृत्य के लिए राजा को नागपुर के भोंसला प्रशासन ने दंडित भी किया था। बड़े डोंगर में भी इन्हीं चालुक्य वंश के राजाओं की राजधानी थी। भैंसा दोनद डोंगरी में इनके आराध्य देवी माई दंतेश्वरी का प्राचीन मंदिर भी है। इसलिए बड़े डोंगर में भी नर बलि की प्रथा रही होगी, इससे इंकार नहीं किया जा सकता।

चिन्हारी

मोहन लाल, निर्दोष

# गर्मी अऊ बरसात में होथे खुमरी के उपयोग



हमर छत्तीसगढ़ राज म जुन्ना सियान मन खुमरी पहिने के उपयोग जादा करत रहीन। आज जमाना बदल गए हे, नवा लइका मन के शहर के चका चौंध मा आंखी ह चौधियागे । नवा नवा मिसिन नवा नवा तकनीकी हमर देश मा बगरगे I पुराना जमाना मा मूसलाधार वर्षा अऊ धुक धुक हवा पानी तन ला जाड़ मा कपा डारय ।पहिली जूना ओढना घर मा कम राहय या पानी हवा के मिंझरा मा दांत किंकिनाय लगय। एकर ले बचे के किसान खेतिहर मजदूर मन नवा उदिम सोचिन अऊ सोचत सोचते खेत के पार मा लगे परसा के बड़े बड़े पत्ता तोड़ के चोंगा बना के अपन मुड़ मा लगा के देखींन। ऐकर ले मुड़ मा पानी के बचाव होगे जेकर ले ठंडा कम लगिस। फेर ओकर बड़े रूप बनाके देखीन येकर लगाय से पानी हवा दोनो के बचत होगे येला खुमरी के नाम ले जाने जाथे।

पत्ता के खुमरी केवल बरसात भर बौउरे जाथे। फेर मनखे ह नवा तरकीब सोचिस, बांस के बेत बनाके घाम ले अपन बचाव करथे । खुमरी कौड़ी लगा के आकर्षक कर देथे अब हमर चरवाहा भाई मन जादा पहिनथे । कमरा अ ऊ खुमरी नागर तुतारी नदावत सिरतो धीरे धीरे आज ये संस्कार कम देखे ल मिलथे।



## खबर संक्षेप

### भेज्जी एवं चिंतागुफा क्षेत्र के दो नक्सली गिरफ्तार



**कोंटा।** डीआरजी एवं जिला पुलिस बल भेज्जी, चिंतागुफा की संयुक्त कार्रवाई में दो फरार नक्सलियों को गिरफ्तार करने में सफलता मिली है। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में थाना भेजी क्षेत्रांतर्गत दो वर्ष पूर्व निर्माणाधीन कन्या आश्रम भेज्जी में निर्माण कार्य में लगे मजदूरों के साथ मारपीट कर उनके मोबाईल व नगदी रकम को लूटकर निर्माण कार्य में लगे जेसीबी मशीन को आगजनी कर नुकसान पहुंचाने की घटना में फरार आरोपी मुचाकी हिड़मा पिता मुचाकी हान्दा रेगड़गट्टा पंचायत कमेटी सदस्य निवासी-ग्राम रेगड़गट्टा थाना भेज्जी तथा कलमू भीमा उर्फ दाबू पिता नंदा बुर्कलंका आरपीसी आर्थिक कमेटी अध्यक्ष निवासी एतराजपाड़ थाना चिंतागुफा को गिरफ्तार किया गया है।

### दो बाइक में भिड़ंत से एक की मौत

**महासमुंद।** सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के ग्राम मुड़मार में उमरदा मार्ग पर दो बाइक में भिड़ंत से एक व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने बतायाकि 15 जुलाई को मृतक पूरन दीवान अपने मोटर सायकल सीजी 06 के 7615 से महासमुंद से अपने गांव झारा जा रहा था। ग्राम मुड़मार के पास पहुंचा था, उसी समय आरोपी मोटर सायकल क्रमांक सीजी 06 जीक्यू 3078 का चालक ने तेजी व लापरवाही पूर्वक चलाते हुए पीछे से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया जिससे आई चोट के कारण पूरन दीवान की मौत हो गई।

# जर्जर स्कूल भवन को तोड़ा, बच्चों को पढ़ाई करने में परेशानी, आश्रम में भी जगह नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

शासकीय प्राथमिक एवं मिडिल स्कूल भवन जर्जर होने के कारण बच्चों के सुरक्षा को देखते हुए भवन को 2 वर्ष पहले तोड़ दिया गया। अब स्कूल के बच्चों को पढ़ाई करने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मामला मैनपुर देवभोग नेशनल हाईवे 130 सी मुख्य मार्ग मैनपुर से 22 कि.मी. दूर ग्राम पंचायत तौरेंगा का है। यहां आदिवासी बालक आश्रम संचालित किया जा रहा है 100 सीटर इस बालक आश्रम में 105 बच्चे निवास करते हुए पढ़ाई कर रहे है। यहां आश्रम भवन में भी कमरों की कमी के चलते एक पलंग में दो बच्चे सोने को मजबूर हो रहे हैं। पेयजल की गंभीर समस्या है आश्रम परिसर का बोर कनेक्शन खराब हो गया है। जिसकी सुधार की मांग लम्बे समय से किया जा रहा है। लेकिन अब तक सुधार नहीं होने के कारण 105 बच्चों को सुबह नाहने और दैनिक कार्य करने में भारी परेशानी हो रही है। ग्राम पंचायत तौरेंगा नेशनल हाईवे के किनारे बसा हुआ है, बावजूद इसके यह ग्राम आज भी मूलभूत समस्याओं से जूझ रहा है। तौरेंगा में पेयजल सप्लाई के लिए सड़क किनारे पानी टंकी क्रेडा विभाग द्वारा लगाया गया है जो पिछले 2 माह से बंद है। कई बार सुधार करने की मांग किया जा चूका है, लेकिन ग्रामीणों के इस गंभीर समस्या की ओर क्रेड़ा विभाग द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा है। लाखों रूपये खर्च कर पानी की टंकी लगाई गई है जो पूरी तरह फ्लाप साबित हुआ है।

### गांव के ऊपर से गुजरा है हाई टेशन तार लेकिन लाइट नहीं

ग्राम पंचायत तौरेंगा के गांव के ऊपर से देवभोग की तरफ बिजली की हाई टेशन तार गुजरी है। लेकिन इस गांव में अब तक बिजली नहीं लगी है। गांव में सौर उर्जा लगाया गया है, लेकिन वह महज एक दो घंटा ही जल पाता है। उसके बाद पूरी रात अंधेरे में ग्रामीणों को गुजारना पड़ता है। कई बार बिजली लगाने की मांग ग्रामीणों के द्वारा किया जा चूका है, लेकिन इस ओर अब तक ध्यान नहीं दिया गया। जिसके चलते ग्रामीणों में आक्रोश देखने को मिल रहा है।





### उपस्वस्थ्य केन्द्र में लगा है ताला

ग्रामीणों ने बताया तौरेंगा में उपस्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण वर्षों पहले किया गया है। यहां पदस्थ स्वास्थ्य कार्यकर्ता के नहीं रहने के कारण ताला बंद हो गया है। कई बार ग्रामीण जन समस्या निवारण शिविर से लेकर जिला स्तर तक आवेदन देकर थक चूके है जिसके कारण छोटे–छोटे बिमारी के इलाज के लिए ग्रामीणों को भटकना पड़ रहा है। ऐसे भी इन दिनों ग्रामीण क्षेत्रों में सर्दी, खासी, बुखार, उल्टी-दस्त के मरीजो की संख्या बढ़ गई है। ग्रामीणों ने तत्काल उपस्वाथ्य केन्द्र में स्वस्थ्य कार्यकर्ता की नियुक्ति की मांग की है।

## तीन दंतैल फसल को पहुंचा रहे नुकसान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमतरी

उत्तर सिंगपुर तथा केरेगांव के जंगल में तीन दंतैल हाथी द्वारा फसलों को नुकसान पहुंचाने की खबर है। तीनों हाथी को सोमवार की दोपहर केरेगांव कक्ष क्र. 118 के जंगल में विचरण करने के बाद जोगीडीह के राजस्व क्षेत्र में देखा गया। शाम को एक दंतैल उत्तर सिंगपुर के मड़ेली परिसर के कंडबरा आबादी में धान की फसल खाकर वापस जंगल चला गया। तीनों हाथी द्वारा फसल को नुकसान पहुंचाने की खबर है। वन विभाग ने चारभाठा, मड़ेली, बकोरी, बुढ़ाराव, बनियातोरा, सोनपैरी आदि गांव को अलर्ट किया है।

## जेलों में क्षमता से अधिक कैदी, हाईकोर्ट ने मांगी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर



मारुति ने निवेशकों को यह भी बताया कि आने वाले समय में कंपनी छोटे शहरों में अपने नेटवर्क का विस्तार करेगी। भार्गव ने कहा, 'छोटे शहरों और ग्रामीण इलाकों में हम अपनी सेल्स और सर्विस नेटवर्क को और मजबूत करेंगे, ताकि हमारा फायदा बड़े शहरों के लोगों तक सीमित न रह जाए। 10 लाख यूनिट के विस्तार के लिए नई साइट तय करने में थोड़ी सी देरी हुई है।



### इन्वेंट्री को खत्म करना

कंपनी गाड़ियों के स्टॉक को खत्म करने के लिए भी उपाय कर रही है। मारुति के चेयरमैन ने आश्वासन दिया कि कंपनी का स्टॉक लेवल हमेशा 38-40 दिनों के स्तर पर होता है और यह फेस्टिव सीजन तक इन्वेंट्री को खत्म करने की तैयारी कर रही है। फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशंस (फाडा) ने इस महीने के शुरू में दावा किया था कि जुलाई में व्हीकल इन्वेंट्री का लेवल बढ़कर 65-67 दिन हो गया था, जबकि अगस्त में बढ़कर 70-75 दिन हो गया और फिलहाल 73,000 करोड़ से भी ज्यादा की गाड़ियां पेंडिंग हैं।

### इलेक्ट्रिक वाहनों का निर्यात किया जाएगा

मारुति के इलेक्ट्रिक वाहन प्लान के बारे में भार्गव ने कहा कि कंपनी का पहला इलेक्ट्रिक व्हीकल अगले कुछ महीनों में बनकर तैयार हो जाएगा और इसे ग्लोबल मार्केट्स में निर्यात किया जाएगा। कार कंपनी का मकसद 2030 तक अपने प्रोडक्शन का 20 प्रतिशत हिस्सा एक्सपोर्ट करना है। भार्गव ने एक बार फिर दोहराया कि मारुति अपनी हाइब्रिड कारों के जरिये फ्यूल कॉस्ट और इमिशन को कम करने के लिए प्रतिबद्ध है और कंपनी इस पर बड़ा दांव लगा रही है।

## वाणिज्यिक व यात्री वाहन कंपनियों ने भरी हामी

# पुराने वाहनों को कबाड़ में बदलकर नई गाड़ी खरीदने पर मिलेगी तीन प्रतिशत तक छूट

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रमुख वाणिज्यिक और यात्री वाहन कंपनियों ने त्योहारों से पहले पुरानी गाड़ियों को कबाड़ में बदलने के एवज में नये वाहन खरीदने पर छूट देने की सहमति जताई है। मंगलवार को एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। बयान में कहा गया है कि यह पहल देश में संसाधनों के अनुकूलतम उपयोग वाली अर्थव्यवस्था को गति देने और स्वच्छ, सुरक्षित तथा अधिक कुशल वाहनों के उपयोग को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

■ त्योहार से पहले बदलने पर मिलेगी छूट

### मंत्री गडकरी ने सियाम की अध्यक्षता की

केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने मंगलवार को भारत मंडपम में वाहन कंपनियों के शीर्ष निकाय सियाम (सोसायटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स) के प्रतिनिधिमंडल के साथ एक बैठक की अध्यक्षता की।



### सीमित अवधि की मिलेगी छूट

*बयान में कहा गया है, 'बातचीत के दौरान, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री की सलाह पर सकारात्मक रूप से गौर करते हुए और वाहनों के आधुनिकीकरण तथा संसाधनों के अनुकूलतम उपयोग वाली अर्थव्यवस्था के महत्व को पहचानते हुए कई वाणिज्यिक वाहन और यात्री वाहन विनिर्माताओं ने जमा प्रमाणपत्र के बदले सीमित अवधि के लिए छूट देने पर सहमति जताई है।'*

### वाणिज्यिक 2 और यात्री वाहन विनिर्माता एक साल देंगे छूट

इसमें कहा गया है कि वाणिज्यिक वाहन विनिर्माता दो साल और यात्री वाहन विनिर्माता एक साल के लिए छूट देने को तैयार हैं। बयान में कहा गया है कि यह छूट पुराने वाहनों को कबाड़ में तब्दील करने के लिए प्रोत्साहित करेगी। इससे सड़कों पर सुरक्षित, स्वच्छ और अधिक दक्ष वाहनों का चलना सुनिश्चित होगा।

### वाणिज्यिक कार्गो पर तीन फीसदी छूट मिलेगी

टाटा मोटर्स, वोल्वो आयशर, अशोक लेलैंड, महिंद्रा एंड महिंद्रा, फोर्स मोटर्स जैसे वाणिज्यिक वाहन विनिर्माता 3.5 टन से अधिक के वाणिज्यिक कार्गो वाहन के लिए शोरूम कीमत के तीन प्रतिशत के बराबर छूट की पेशकश करेंगे। सूत्रों ने बताया कि इस बैठक में वाहन उद्योग के शीर्ष अधिकारी शामिल हुए।

### यात्री वाहन में शोरूम कीमत का 1.5 फीसदी मिलेगी छूट

*किआ मोटर्स, टोयोटा किर्लोस्कर मोटर, होंडा कार्स, जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर, रेनो इंडिया, निसान इंडिया और स्कोडा फॉक्सवैगन इंडिया जैसे यात्री वाहन विनिर्माता वाहनों को कबाड़ में बदलने के बदले नयी गाड़ी लेने पर छूट देंगे। पिछले छह महीनों में कार मालिक द्वारा स्क्रैप किए गए यात्री वाहन के बदले नई कार लेने पर शोरूम कीमत का 1.5 प्रतिशत या 20,000 रुपये की छूट दी जाएगी।*

### बैठक में ये अधिकारी रहे शामिल

*इनमें सियाम के अध्यक्ष विनोद अग्रवाल, मारुति सुजुकी इंडिया के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी हिसाशी ताकेउची, टाटा मोटर्स के कार्यकारी निदेशक गिरीश वाघ, अशोक लेलैंड के प्रबंध निदेशक एवं सीईओ शीनू अग्रवाल और टीवीएस मोटर कंपनी के सीईओ के एन राधाकृष्णन शामिल हैं।*

### मर्सिडीज बेंज सीधे 25 हजार की छूट देगी

*बयान में आगे कहा गया कि मर्सिडीज बेंज इंडिया ने 25,000 रुपये की सीधी छूट देने की पेशकश की है, जो सभी मौजूदा रियायतों के अतिरिक्त होगी। बयान के अनुसार, मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड, टाटा मोटर्स, महिंद्रा एंड महिंद्रा, हुंडई मोटर इंडिया देगी छूट।*

# 40 प्रतिशत लोग रोजाना कर रहे डिजिटल भुगतान

## चेज इंडिया' ने रिपोर्ट में जारी किए आंकड़े

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश के तीसरे दर्जे के शहरों से लेकर छोटे कस्बों में 40 प्रतिशत से अधिक उपभोक्ता दैनिक आधार पर डिजिटल भुगतान का इस्तेमाल करते हैं जबकि 45 प्रतिशत लोग दो दिन में एक बार इसका इस्तेमाल करते हैं। एक रिपोर्ट में यह दावा किया गया है। भारत में डिजिटल भुगतान की स्थिति पर जारी 'चेज इंडिया' की एक रिपोर्ट कहती है कि इसमें देश के तीसरी से लेकर छठी श्रेणी के शहरों में उपभोक्ताओं द्वारा डिजिटल भुगतान के लगातार उपयोग को दर्शाया गया है। रिपोर्ट में डिजिटल भुगतान सेवाओं को अपनाने में कारोबारियों और उपभोक्ताओं के सामने जमीनी स्तर पर आने वाली प्रमुख चुनौतियों की पहचान की गई है। रिपोर्ट कहती है कि ग्रामीण भारत में डिजिटल भुगतान का उपयोग नहीं करने वाले लगभग आधे कारोबारी इस सेवा से अनजान हैं। इसके उलट डिजिटल भुगतान का इस्तेमाल नहीं करने वाले उपभोक्ताओं में से 94 प्रतिशत इससे परिचित होने के बावजूद इसका उपयोग नहीं करते हैं। दरअसल, इंटरनेट कनेक्टिविटी की कमी, सीमित ज्ञान, ऑनलाइन भुगतान में अविश्वास और सेवा-संबंधी समस्याओं के चलते उपभोक्ता डिजिटल भुगतान का इस्तेमाल नहीं करते हैं।

■ 45 प्रतिशत लोग दो दिन में एक बार करते है इस्तेमाल



### आठ राज्यों में किया गया सर्वेक्षण

रिपोर्ट कहती है, "यह स्थिति जमीनी स्तर पर डिजिटल भुगतान के उपयोग को बढ़ाने के संबंध में अब भी मौजूद संभावनाओं को दर्शाती है।" रिपोर्ट कुल 2,240 उत्तरदाताओं के बीच कराए गए सर्वेक्षण पर आधारित है। इसमें देश के विभिन्न भौगोलिक क्षेत्रों में आठ राज्यों को लेते हुए 16 जिलों में फैले 1,184 उपभोक्ता और 1,056 कारोबारियों की राय ली गई।

# जी एंटरटेनमेंट व सोनी पिक्चर्स सभी मामले वापस लेने सहमत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ज़ी एंटरटेनमेंट एंटरप्राइजेज और सोनी पिक्चर्स नेटवर्क्स इंडिया ने 10 अरब डॉलर का प्रस्तावित विलय समझौता निरस्त होने से जुड़े विवादों को सुलझा लिया है। इसके साथ ही दोनों कंपनियां एक-दूसरे के खिलाफ सभी मामलों को वापस लेने पर सहमत हो गई हैं। दोनों कंपनियों ने मंगलवार को एक संयुक्त बयान में कहा कि सभी मामलों को वापस लेने का यह समझौता आपसी समझ से हुआ है। इसके पीछे उद्देश्य यह है कि दोनों कंपनियां स्वतंत्र रूप से नए उद्देश्यों के साथ भविष्य के वृद्धि अवसरों को तलाश सकें और उभरते मीडिया एवं मनोरंजन परिदृश्य पर ध्यान केंद्रित कर सकें। ज़ी एंटरटेनमेंट एंटरप्राइजेज लिमिटेड और कल्वर मैक्स एंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में सोनी पिक्चर्स) ने एक व्यापक गैर-नकद समझौते पर सहमति जताई है।

■ 10 अरब डॉलर का प्रस्तावित विलय समझौता निरस्त होने के बाद उपजा था विवाद




### दो साल बाद टूटा था सौदा

इस तरह विलय योजना की घोषणा के दो साल बाद यह सौदा टूट गया। इसके बाद दोनों ही पक्ष अपने-अपने दावों को लेकर अदालतों में चले गए थे।

इसमें विलय सहयोग समझौते और व्यवस्था की समग्र योजना से संबंधित सभी विवादों को सौहार्दपूर्ण ढंग से सुलझाने की बात कही गई है। इस समझौते के तहत दोनों कंपनियों ने सिंगापुर अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थता केंद्र (एसआईएसी) में चल रहे मध्यस्थता मामले में एक-दूसरे के खिलाफ सभी आरोपों को वापस लेने और राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) और अन्य मंचों में शुरू की गई सभी कानूनी कार्यवाही को वापस लेने पर आपसी सहमति जताई है।

# उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में सेंसेक्स में मामूली लाभ

एजेंसी ▶▶ मुंबई

स्थानीय शेयर बाजारों में मंगलवार को काफी उतार-चढ़ाव रहा और बीएसई सेंसेक्स मामूली 14 अंक के लाभ में रहा। हालांकि, निफ्टी अपने अबतक के उच्चतम स्तर 25,017 अंक पर पहुंच गया। पश्चिम एशिया और यूक्रेन में तनाव बढ़ने के बीच मुनाफावसूली से बाजार स्थिर रहा। तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स में लगातार छठे कारोबारी सत्रों में तेजी रही और यह 13.65 अंक यानी 0.02 प्रतिशत की बढ़त के साथ 81,711.76 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह ऊंचे में 81,919.11 अंक तक गया और नीचे में 81,600.51 अंक तक आया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 7.15 अंक यानी 0.03 प्रतिशत की नाममात्र बढ़त के साथ 25,017.75 अंक पर बंद हुआ।

■ निफ्टी सात अंक की बढ़त के सात नये शिखर पर



### इन शेयरों में रही घट-बढ़

सेंसेक्स की कंपनियों में बजाज फिनसर्व, मारुति, लार्सन एंड टुब्रो, बजाज फाइनेंस, इन्फोसिस, एक्सिस बैंक और आईसीआईसीआई बैंक प्रमुख रूप लाभ में रहीं। दूसरी तरफ, नुकसान में रहने वाले शेयरों में हिंदुस्तान यूनिलीवर, जेएसडब्ल्यू स्टील, टाइटन, एनटीपीसी और टाटा मोटर्स शामिल हैं।

# रिसोर्सफुल ऑटोमोबाइल के आईपीओ को 4,800 करोड़ की बोलियां मिली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली की कंपनी रिसोर्सफुल ऑटोमोबाइल के 12 करोड़ रुपये के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) को 4,800 करोड़ रुपये मूल्य की बोलियां मिली है। वर्ष 2018 में स्थापित कंपनी साहनी ऑटोमोबाइल ब्रांड नाम से परिचालन करती है। यह यामाहा दोपहिया वाहन से जुड़ी हुई है। यह दोपहिया वाहनों की बिक्री और सर्विसिंग का काम करती है। कंपनी के दो शोरूम हैं और कर्मचारियों की संख्या आठ है। रिसोर्सफुल ऑटोमोबाइल का आईपीओ 22 अगस्त को खुला और 26 अगस्त को बंद हुआ। इसे अच्छी प्रतिक्रिया मिली है। कंपनी ने 9.76 लाख शेयर बिक्री के लिए रखे जबकि बोलियां 40.76 करोड़ शेयर के लिए आई। यानी तीन दिन में 419 गुना अभिदान मिला। एसएमई आईपीओ को पहले दिन 10.35 गुना अभिदान मिला जबकि दूसरे दिन 74.13 गुना अभिदान मिला था। कुल मिलाकर गैर-संस्थागत निवेशकों की श्रेणी में 315.61 गुना जबकि खुदरा निवेशकों की श्रेणी में 496.22 गुना अभिदान मिला। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वीके विजयकुमार ने कहा कि एसएमई आईपीओ की मांग की जो रफ्तार है, उसका कोई औचित्य नहीं है।

■ कंपनी यामाहा दोपहिया वाहन से जुड़ी है




### निवेश से जुड़े जोखिमों पर जताई चिंता

विजयकुमार ने कहा, "हम उम्मीद कर सकते हैं कि मध्यम अवधि में इस तरह का अति उत्साह खत्म हो जाएगा, क्योंकि शेयर बाजार में मजबूती तेज रहेगी।" यह स्थिति तब है जब नियामकों ने छोटे और मध्यम आकार के उद्यमों (एसएमई) में निवेश से जुड़े जोखिमों के बारे में चिंता जताई है।

# कोठारी इंडस्ट्रियल ने विभिन्न क्षेत्रों में विस्तार की योजना बनाई

***चेन्नई।*** *कोठारी इंडस्ट्रियल कॉरपोरेशन लिमिटेड ने विभिन्न क्षेत्रों में आक्रामक विस्तार की योजना बनाई है। नए प्रवर्तक के साथ तैयार विविधीकृत समूह के एक शीर्ष अधिकारी ने यह जानकारी दी। कंपनी आने वाले वर्षों में फुटवियर, उर्वरक, खाद्य, ड्रोन प्रौद्योगिकी, सिंथेटिक वस्त्र, सौर ऊर्जा पर ध्यान केंद्रित करेगी।कंपनी के वाइस चेयरमैन और प्रबंध निदेशक जे रफीक अहमद ने यहां कहा कि इन पहलों से बड़ी संख्या में रोजगार के अवसर पैदा होंगे। अहमद ने भविष्य की अपनी योजना का विवरण देते हुए कहा कि वह 2014 में इस्पात व्यवसाय में आने के बाद निवेशक बने थे। वह 2018 में कंपनी के वाइस चेयरमैन और प्रबंध निदेशक बने।*

## आंकड़ा विश्लेषण फर्म क्लैरिटीएक्स ने जारी की रिपोर्ट

# देश के 150 जिलों में रहते हैं अधिक आय वाले परिवार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पांच लाख रुपये और उससे अधिक की वार्षिक आय वाले अधिकतर परिवार देश के करीब 150 जिलों में ही रहते हैं। मंगलवार को जारी एक रिपोर्ट में यह आकलन पेश किया गया है। मैपमाइइंडिया-समर्थित आंकड़ा विश्लेषण फर्म क्लैरिटीएक्स की इस रिपोर्ट के मुताबिक, पिछले चार वर्षों में पूरे देश में समृद्धि 17 से 30 प्रतिशत तक बढ़ गई है। रिपोर्ट के मुताबिक, पांच लाख रुपये से अधिक वार्षिक आय वाले 60 प्रतिशत परिवार देश के शीर्ष 20 प्रतिशत (लगभग 150) जिलों में मौजूद हैं।

■ पांच लाख से अधिक वार्षिक आय वाले परिवार रहते हैं



### दो-तिहाई पश्चिमी भारत में

अखिल भारतीय जिला औसत से ऊपर के कुल जिलों में से दो-तिहाई पश्चिमी भारत में हैं। इनमें सबसे तेजी से बढ़ते जिलों की हिस्सेदारी भी सबसे अधिक है। रिपोर्ट में आय वितरण, स्वास्थ्य सेवा जैसे सामाजिक प्रोत्साहन, प्रति व्यक्ति शिक्षा सुविधाएं, बुनियादी ढांचे की उपलब्धता, बैंकिंग कवरेज जैसी वित्तीय गतिविधियों जैसे सामाजिक-आर्थिक संकेतकों के आधार पर जिलों की वृद्धि को मापा गया है।

### सबसे तेजी से बढ़ने वाले राज्य पंजाब, यूपी

सबसे तेजी से बढ़ने वाले पंजाब, उत्तर प्रदेश और हिमाचल प्रदेश जैसे कुछ राज्य उत्तरी क्षेत्रों के हैं। रिपोर्ट कहती है कि स्वास्थ्य सेवा के बुनियादी ढांचे में उल्लेखनीय सुधार हुआ है, जहां प्रति 1,000 लोगों पर स्वास्थ्य सुविधाओं की संख्या 263 से बढ़कर 903 हो गई है।

### भारत में जिलों की संख्या बढ़कर 788

इन संकेतकों के इस्तेमाल से जिला संभावना सूचकांक (डीपीआई) तैयार किया जाता है। जिलों की वृद्धि को मापने के लिए 2019 के डीपीआई स्कोर की तुलना 2023 के साथ की गई है। भारत में जिलों की संख्या 2019 के 723 से बढ़कर 788 हो गई है।

### बेंगलुरु शहर व हैदराबाद शीर्ष दो स्थानों पर

रिपोर्ट के मुताबिक, बेंगलुरु शहरी और हैदराबाद जिले 2023 में सभी 788 जिलों में उच्चतम स्कोर के साथ शीर्ष दो स्थानों पर रहे हैं। मध्य और पूर्वी क्षेत्रों में झारखंड और त्रिपुरा सबसे अधिक वृद्धि दर्शाने वाले राज्यों के रूप में उभरे हैं।

# कल्पतरु प्रोजेक्ट्स को अफगानिस्तान सरकार से मिला कर नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

इंजीनियरिंग, खरीद और निर्माण क्षेत्र की कंपनी कल्पतरु प्रोजेक्ट्स इंटरनेशनल लि. को कुछ घोषणाओं के बारे में जानकारी और जरूरी दस्तावेज नहीं देने के कारण अफगानिस्तान सरकार से कर नोटिस मिला है। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा, "शाखा कार्यालय को अपने सलाहकार के माध्यम से अफगानिस्तान के वित्त मंत्रालय के राजस्व विभाग से कुछ कर चालान प्राप्त हुए हैं। इसमें वित्त वर्ष 2020-21 और वित्त वर्ष 2021-22 के लिए कुछ घोषणाओं के बारे में जानकारी नहीं देने के कारण कर देनदारी, अतिरिक्त कर और जुर्माने का भुगतान करने को कहा गया है।" कंपनी को यह नोटिस 26 अगस्त को मिला है। कल्पतरु प्रोजेक्ट्स इंटरनेशनल ने कहा कि प्राधिकरण ने कर देनदारी के तहत अफगानी मुद्रा में 87,74,153 (104.59 लाख रुपये), अतिरिक्त कर के रूप में 12,150 (14,000 रुपये) और 1,66,401 (1.98 लाख रुपये) बतौर जुर्माना देने को कहा है।

■ कुछ घोषणाओं की जानकारी नहीं देने के कारण मिला



### इंजीनियरिंग क्षेत्र में कार्यरत है कंपनी

कल्पतरु प्रोजेक्ट्स इंटरनेशनल लि. बिजली पारेषण और वितरण, इमारतों और कारखानों, जलापूर्ति और सिंचाई, रेलवे, तेल और गैस पाइपलाइन समेत विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत इंजीनियरिंग, खरीद और निर्माण (ईपीसी) कंपनियों में से एक है।

# पैरालंपिक खेल : भारत को अपने सबसे बड़े दल से रिकॉर्ड पदकों की उम्मीद

एजेंसी ▶▶| पेरिस

भारत ने बुधवार से यहां शुरू होने वाले पैरालंपिक खेलों के लिए 84 खिलाड़ियों का मजबूत दल भेजा है जिनसे उसे रिकॉर्ड पदक जीतने की उम्मीद है। भारत ने 2021 में टोक्यो पैरालंपिक में पांच स्वर्ण सहित रिकॉर्ड 19 पदक जीते थे और वह समग्र रैंकिंग में 24वें स्थान पर रहा था।

इसके तीन साल बाद भारत का लक्ष्य स्वर्ण पदकों की संख्या दोहरे अंक में पहुंचाने और कुल 25 से अधिक पदक जीतना है। भारत ने यह लक्ष्य इसलिए तय किया है क्योंकि इस बार उसका सबसे बड़ा दल इन खेलों में भाग लेगा। इसके अलावा भारतीय खिलाड़ियों ने हाल में अच्छा प्रदर्शन करके उम्मीद बढ़ा दी है।

### एशियाई खेलों में पदक जीतने वाले पैरालंपिक टीम में

भारत ने पिछले साल हांगझोउ एशियाई पैरा खेलों में 29 स्वर्ण सहित रिकॉर्ड 111 पदक जीते थे। इसके बाद मई में विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भारत ने आधा दर्जन स्वर्ण सहित 17 पदक जीते। एशियाई खेलों में पदक जीतने वाले कई खिलाड़ी पैरालंपिक टीम में शामिल हैं।

### सुमित, अवनि स्वर्ण बचाने उतरेंगे

इनमें विश्व रिकॉर्डधारी भाला फेंक खिलाड़ी सुमित अंतिल (एफ64) और राइफल निशानेबाज अवनि लेखरा (10 मीटर एयर राइफल स्टैंडिंग एसएच1) जैसे शीर्ष सितारे शामिल हैं। ये दोनों टोक्यो में जीते गए अपने स्वर्ण पदक का बचाव करने के लिए उतरेंगे।

आगाज आज से




**एथलेटिक्स में 38 खिलाड़ियों से देश को उम्मीदे**

भारत के लिए पैरा-एथलेटिक्स टीम ने अतीत में अच्छा प्रदर्शन किया है और इस बार भी एथलेटिक्स में भाग ले रहे 38 खिलाड़ियों से देश को काफी उम्मीद है। पदक के अन्य प्रमुख दावेदारों में पैरा तीरंदाज शीतल देवी शामिल हैं, जो अपने पैरों से निशाना लगाती है। उनके अलावा होकाटो सेमा (शॉट पुट) और नारायण कोंगनापल्ले (रोवर) और कई अन्य खिलाड़ी पदक के दावेदार हैं।

### सुमित व भाग्यश्री होंगे भारत के ध्वजवाहक

एशियाई पैरा खेलों में एफ34 स्पर्धा में रजत पदक जीतने वाले सुमित अंतिल और शॉट पुटर भाग्यश्री जाधव पैरालंपिक खेलों के इतिहास में पहली बार किसी स्टेडियम के बाहर आयोजित होने वाले उद्घाटन समारोह में भारत के ध्वजवाहक होंगे।

### भारत 12 खेलों में ले रहा भाग

भारत इस बार 12 खेलों में भाग ले रहा है, जबकि टोक्यो में 54 सदस्यीय टीम ने नौ खेलों में भाग लिया था। निशानेबाज मनीष नरवाल और बैडमिंटन खिलाड़ी कृष्णा नागर भी उन खिलाड़ियों में शामिल हैं जो पिछले पैरालंपिक में जीते गए अपने स्वर्ण पदक का बचाव करने के लिए उतरेंगे।

### तीरंदाजी में हरविंदर होंगे पदक के दावेदार

पैरा तीरंदाजी में शीतल और हरविंदर सिंह पदक के दावेदारों में से होंगे। हरविंदर ने तोक्यो में पुरुषों की व्यक्तिगत रिकर्व ओपन में कांस्य पदक जीता था। तोक्यो में टेबल टेनिस में रजत पदक जीतने वाली भाविनाबेन पटेल का लक्ष्य स्वर्ण पदक जीतना होगा। व्हीलचेयर पर बैठकर खेलने वाली यह खिलाड़ी महिला एकल एस4 और महिला युगल डी10 स्पर्धाओं में भाग लेगी।

## खबर संक्षेप



### मार्क वुड की जगह ओली इंग्लैंड टीम में

**लंदन।** इंग्लैंड ने श्रीलंका के खिलाफ मंगलवार से शुरू हो रहे दूसरे क्रिकेट टेस्ट के लिये चोटिल मार्क वुड की जगह तेज गेंदबाज ओली स्टोन को टीम में जगह दी है। यह जून 2021 के बाद स्टोन का पहला टेस्ट होगा । इंग्लैंड ने पिछले सप्ताह मैनचेस्टर में पहला टेस्ट पांच विकेट से जीता था ।

**इंग्लैंड टीम :** ओली पोप (कप्तान), बेन डकेट, डैन लारेंस, जो रूट, हैरी ब्रूक, जैमी स्मिथ, क्रिस वोक्स, गुस एटकिंसन, मैथ्यू पोट्स, ओली स्टोन , शोएब बशीर ।

### गुकेश ने कारुआना से ड्रॉ खेला, फ़िरोज़ा ने बढ़त मजबूत की



**सेंट लुई (अमेरिका)।** भारत के ग्रैंडमास्टर और विश्व चैंपियनशिप के चैलेंजर डी गुकेश ने ग्रैंड शतरंज टूर की प्रतियोगिता सिंकफील्ड कप में एक बार फिर अपनी बाजी ड्रॉ खेली तथा अमेरिका के शीर्ष वरीयता प्राप्त फैबियानो कारूआना के साथ अंक बांटे जबकि फ्रांस के खिलाड़ी अलीरेज़ा फ़िरोज़ा ने सातवें दौर में पूरे अंक लेकर अपनी बढ़त मजबूत कर ली। इस प्रतियोगिता में भाग ले रहे एक अन्य भारतीय खिलाड़ी आर प्रज्ञाननंदा ने लगातार सातवीं बाजी ड्रॉ खेली। उन्होंने रूस के इयान नेपोम्नियाचची के साथ अंक बांटे। अब जबकि दो राउंड का खेल बाकी है तब फिरोजा पांच अंक लेकर शीर्ष पर बने हुए हैं। उन्होंने सातवें दौर में चीन के विश्व चैंपियन डिंग लिरेन को हराया। कारूआना उनसे एक अंक पीछे हैं।

### मंधाना डब्ल्यूबीबीएल के एडिलेड स्ट्राइकर्स के लिए खेलेंगी



**एडिलेड।** भारत की स्टार बल्लेबाज स्मृति मंधाना महिला बिग बैश लीग (डब्ल्यूबीबीएल) के आगामी सत्र में मौजूदा चैंपियन एडिलेड स्ट्राइकर्स की तरफ से खेलेगी। यह भारतीय सलामी बल्लेबाज इससे पहले डब्ल्यूबीबीएल की तीन टीमों ब्रिस्बेन हीट, सिडनी थंडर और होबार्ट हरिकेंस के लिए खेल चुकी हैं। वह लीग के सत्र से पहले विदेशी खिलाड़ियों से अनुबंध करने के नियम के तहत रविवार को होने वाले ड्राफ्ट से पहले स्ट्राइकर्स में शामिल हो गईं। मंधाना हालांकि लीग के शुरुआती मैचों में नहीं खेल पाएगी क्योंकि भारत को अक्टूबर के अंत में तीन वनडे मैचों के लिए न्यूजीलैंड की मेजबानी करनी है। डब्ल्यूबीबीएल 27 अक्टूबर से शुरू हो रहा है। भारत को एक दिसंबर को होने वाले डब्ल्यूबीबीएल फाइनल के ठीक बाद ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन वनडे मैच भी खेलने हैं।

खिताब के बचाव के लिए दोनों की शानदार शुरुआत

# जोकोविच और कोको गॉफ आसान जीत के साथ अमेरिकी ओपन के दूसरे दौर में

एजेंसी ▶▶| न्यूयॉर्क

मौजूदा चैंपियन नोवाक जोकोविच और कोको गॉफ ने सीधे सेटों में जीत दर्ज करके अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट में खिताब का बचाव करने के अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। दूसरी वरीयता प्राप्त जोकोविच ने पहले दौर के मैच में मोल्दोवा के क्वालीफायर राडू अल्बोट को 6-2, 6-2, 6-4 से हराया।

नोवाक ने अमेरिकी ओपन में 89वां मैच जीत कर रोजर फेडरर के रिकॉर्ड की बराबरी की। जोकोविच रिकॉर्ड 25वें ग्रैंड स्लैम खिताब की कवायद में हैं। जोकोविच का अगला मुकाबला सर्बिया के उनके हमवतन लास्लो जेरे से होगा जिन्होंने जान लेनार्ड स्ट्रफ पर 6-7 (7), 6-1, 6-7 (7), 6-4, 6-2 से जीत हासिल की।

### एक साल पहले तीसरे दौर में जेरे से दो सेट हार गए थे नोवाक

एक साल पहले जोकोविच अमेरिकी ओपन के तीसरे दौर में जेरे से पहले दो सेट हार गए थे लेकिन इसके बाद उन्होंने वापसी करके पांच सेट में यह मुकाबला जीता था। गॉफ ने सोमवार को यहां पहले दौर के मैच में वरवरा ग्रेचेवा को 6-2, 6-0 से पराजित किया।

### गॉफ खराब फॉर्म से जूझ रही

गॉफ हाल में खराब फॉर्म से जूझ रही थी लेकिन यहां उन्होंने शुरू से लेकर आखिर तक दबदबा बनाए रखा। उन्होंने मैच के बाद कहा,''पिछले कुछ सप्ताह मुश्किल भरे थे। मैं अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रतिबद्ध थी लेकिन मुझे अपने अलावा किसी के सामने कुछ साबित नहीं करना है।''



### शेल्टन इस सत्र के बाद लेंगे संन्यास

अमेरिका के एक अन्य खिलाड़ी और पिछले साल सेमीफाइनल में पहुंचने वाले 13वीं वरीयता प्राप्त बेन शेल्टन ने 2020 के चैंपियन डोमिनिक थिएम को 6-4, 6-2, 6-2 से हराया। थिएम का यह अमेरिकी ओपन में आखिरी मैच था क्योंकि वह पहले ही घोषणा कर चुके हैं कि इस सत्र के बाद वह संन्यास ले लेंगे।

### 2017 की चैंपियन स्टीफंस हुई बाहर

अमेरिकी ओपन में 2017 की चैंपियन स्लोएन स्टीफंस ने क्लारा ब्यूरेल के खिलाफ शुरुआती नौ गेम जीते लेकिन इसके बाद उनकी लय गड़बड़ा गई और उन्हें 0-6, 7-5, 7-5 से हार का सामना करना पड़ा।

### पेरिस ओलंपिक की स्वर्ण विजेता क्विनवेन अगले दौर में



महिला वर्ग में जिन अन्य वरीयता प्राप्त खिलाड़ियों ने अगले दौर में जगह बनाई उनमें इस महीने की शुरुआत में पेरिस ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने वाली सातवीं वरीयता प्राप्त झेंग क्विनवेन, ओलंपिक की रजत पदक विजेता और यहां 24वीं वरीयता प्राप्त डोना वेकिच, 12वीं वरीयता प्राप्त डारिया कसाटकिना और 14वीं वरीयता प्राप्त मैडिसन कीज़ शामिल है। नौवीं वरीयता प्राप्त मारिया सककारी दाहिने कंधे में चोट के कारण एक सेट के बाद मैच से हट गई।

### ज्वेरेव, रुबलेव, रूड और दिमित्रोव अगले दौर में

पुरुष वर्ग में आगे बढ़ने वाले खिलाड़ियों में चौथी वरीयता प्राप्त अलेक्जेंडर ज्वेरेव, छठी वरीयता प्राप्त एंड्री रुबलेव, आठवें वरीय कैस्पर रूड, नौवें वरीय और 2022 के उपविजेता ग्रिगोर दिमित्रोव तथा 12वीं वरीयता प्राप्त टेलर फ्रिट्ज़ शामिल है। पुरुष वर्ग में जिस वरीयता प्राप्त खिलाड़ी को पहले दौर में हार का सामना करना पड़ा वह 15वें वरीय होल्गर रूण थे, जिन्हें अमेरिका के ब्रैंडन नकाशिमा ने 6-2, 6-1, 6-4 से हराया।

टेनिस

## नागल पहले दौर में बाहर



एजेंसी ▶▶| मुंबई

भारत के शीर्ष खिलाड़ी सुमित नागल यहां शुरुआती दौर में नीदरलैंड के टालोन ग्रिक्सपुर से सीधे सेटों में हारकर अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष एकल से बाहर हो गए।

नागल को अपनी पहली सर्विस में संघर्ष करना पड़ा और वह सोमवार की रात को खेले गए मैच में ग्रिक्सपुर से 1-6, 3-6, 6-7(8) से हार गए। नागल ने दो घंटे और 20 मिनट तक चले मैच में दो बार अपने प्रतिद्वंद्वी की सर्विस तोड़ी जबकि नीदरलैंड के खिलाड़ी ने ब्रेक प्वाइंट के 11 मौकों में से छह को भुनाया।

### गलतियों का खामियाजा भुगतना पड़ा

झज्जर के रहने वाले 27 वर्षीय नागल को लय हासिल करने में कुछ समय लगा। उन्होंने शुरू में कई गलतियां की जिनका आखिर में उन्हें खामियाजा भुगतना पड़ा। दूसरे सेट में जब नागल 3-5 से पीछे थे तब हल्की बारिश के कारण खेल रोकना पड़ा। इसके बाद उन्होंने कुछ अच्छा प्रदर्शन किया लेकिन यह जीत के लिए पर्याप्त नहीं था। नागल अब पुरुष युगल में अपनी चुनौती पेश करेंगे। पुरुष युगल में भारत के रोहन बोपन्ना, युकी भांबरी, एन श्रीराम बालाजी और नागल अलग-अलग जोड़ीदारों के साथ खेलेंगे।

### रुतुपर्णा-श्वेतपर्णा की जोड़ी कोरिया ओपन में हारी

**सोल।** रुतुपर्णा पांडा और श्वेतपर्णा पांडा की भारतीय महिला युगल जोड़ी मंगलवार को यहां कोरिया ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के पहले दौर में सीधे गेम में हार के साथ बाहर हो गई। पांडा बहनों को सीह पेई शेन और हुग इन जू की चीनी ताइपे की जोड़ी के खिलाफ 37 मिनट चले मुकाबले में 18-21, 5-21 से हार का सामना करना पड़ा। महिला एकल में तीन भारतीय आकर्षी कश्यप, मालविका बंसोड़ और अश्मिता चालिहा चुनौती पेश कर रही हैं। आकर्षी को पहले दौर में डेनमार्क की लाइन क्रिस्टोफरसन से भिड़ना है जबकि मालविका और अश्मिता को बुधवार को क्रमशः डेनमार्क की होजमार्क जार्सफेल्ट और थाईलैंड की पोर्नपावी चोचुवोंग के खिलाफ खेलना है।

गोल्फ चैंपियनशिप

## जीव, रंधावा भारत की पहली लीजेंड्स टूर में हिस्सा लेंगे





एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

- ग्रेटर नोएडा के जेसी ग्रीन्स गोल्फ में 30 अगस्त से खेला जाएगा
- दोनों खिलाड़ियों के अलावा 64 खिलाड़ी लेंगे भाग

भारत के दिग्गज गोल्फर जीव मिल्खा सिंह और ज्योति रंधावा सहित 64 खिलाड़ी 30 अगस्त से ग्रेटर नोएडा के जेपी ग्रीन्स गोल्फ कोर्स पर पहली एचएसबीसी इंडिया लीजेंड्स चैंपियनशिप में खिताब के लिए चुनौती पेश करेंगे।

यह देश में लीजेंड्स टूर की पहली प्रतियोगिता होगी। इसकी इनामी राशि पांच लाख डॉलर है और इसमें 2005 के अमेरिकी ओपन चैंपियन न्यूजीलैंड के माइकल कैंपबेल भी शिरकत करेंगे। इंडिया लीजेंड्स चैंपियनशिप के विजेता को 74,250 डॉलर जबकि उप विजेता को 49,000 डॉलर मिलेंगे। तीसरे स्थान पर रहने वाले खिलाड़ी की झोली में 32,700 डॉलर आएंगे। यह प्रतियोगिता 54 होल की होगी और इससे पहले 28 और 29 अगस्त को प्रो-ऐम प्रतियोगिता खेली जाएगी। लीजेंड्स टूर पेशेवर गोल्फ टूर है जिसमें 50 और इससे अधिक वर्ष के पुरुष गोल्फर हिस्सा लेते हैं। इसका संचालन पीजीए यूरोपीय टूर करता है। इसकी शुरुआत 1992 में यूरोपीय सीनियर टूर के रूप में हुई और 2020 में इस लीजेंड्स टूर नाम दिया गया। भारतीय पेशेवर गोल्फ टूर (पीजीटीआई) से संयुक्त मान्यता प्राप्त इस टूर्नामेंट की मेजबानी जीव कर रहे हैं।

### अब 60 साल की उम्र तक गोल्फ में करियर

रंधावा ने कहा, ''यह देश के गोल्फरों और सामान्य रूप से विश्व गोल्फ के लिए बहुत बढ़िया है। 40 या 45 की उम्र तक गोल्फ करियर खत्म हो जाता है। लेकिन लीजेंड्स टूर के साथ आप 50 साल की उम्र तक पहुंचने के बाद दूसरी पारी खेल सकते हैं। अब आप 60 साल की उम्र तक गोल्फ को करियर के तौर पर खेल सकते हैं।''

### गोल्फर संन्यास के बाद भी दस साल खेल सकते हैं

रंधावा ने कहा कि केवल पैसा ही नहीं बल्कि एक गोल्फर लीजेंड्स टूर में खेलना जारी रखकर प्रतिस्पर्धी भावना भी बनाए रख सकता है। उन्होंने कहा, ''यह उभरते हुए भारतीय गोल्फरों और एमेच्योर खिलाड़ियों के लिए अच्छा है। उन्हें अब पता है कि एक गोल्फर संन्यास के बाद भी 10 साल और खेल सकता है।''

**भारत टी20 विश्व कप के दुबई में दो अभ्यास मैच खेलेगा**

## अभ्यास मैचों में भारत की भिड़ंत वेस्टइंडीज व दक्षिण अफ्रीका से

एजेंसी ▶▶| दुबई

भारत महिला टी20 विश्व कप से पहले दुबई में दो अभ्यास मैच में वेस्टइंडीज और दक्षिण अफ्रीका से भिड़ेगा। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने मंगलवार को यह घोषणा की। भारत 29 सितंबर को दक्षिण अफ्रीका से भिड़ेगा जबकि हरमनप्रीत कौर की टीम एक अक्टूबर को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ उतरेगी।


महिला टी20 विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने वाली सभी 10 टीम दो-दो अभ्यास मैच खेलेंगी। अभ्यास मुकाबलों की शुरुआत 28 सितंबर को पाकिस्तान और स्कॉटलैंड तथा श्रीलंका और बांग्लादेश मैच के साथ होगी। गत चैंपियन ऑस्ट्रेलिया 29 सितंबर को चिर प्रतिद्वंद्वी इंग्लैंड और फिर एक अक्टूबर को दुबई में वेस्टइंडीज से भिड़ेगा। अभ्यास मैच 20 ओवर के होंगे और इन्हें टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों का दर्जा हासिल नहीं होगा जिससे प्रत्येक टीम को अपने सभी 15 खिलाड़ियों को मुकाबले में उतारने की स्वीकृति होगी। किसी भी ग्रुप की दो टीम अभ्यास मैच के दौरान एक दूसरे से नहीं भिड़ेंगी।



### अभ्यास मुकाबलों का कार्यक्रम इस प्रकार है

28 सितंबर: पाकिस्तान बनाम स्कॉटलैंड (सेवेंस, दुबई)
28 सितंबर: श्रीलंका बनाम बांग्लादेश (आईसीसीए 1, दुबई)
29 सितंबर: न्यूजीलैंड बनाम दक्षिण अफ्रीका (सेवेंस, दुबई)
29 सितंबर: भारत बनाम वेस्टइंडीज (आईसीसीए 2, दुबई)
29 सितंबर: ऑस्ट्रेलिया बनाम इंग्लैंड (आईसीसीए 1, दुबई)
30 सितंबर: श्रीलंका बनाम स्कॉटलैंड (सेवेंस, दुबई)
30 सितंबर: बांग्लादेश बनाम पाकिस्तान (आईसीसीए 2, दुबई)
एक अक्टूबर: वेस्टइंडीज बनाम ऑस्ट्रेलिया (सेवेंस, दुबई)
एक अक्टूबर: इंग्लैंड बनाम न्यूजीलैंड (आईसीसीए 2, दुबई)
एक अक्टूबर: दक्षिण अफ्रीका बनाम भारत (आईसीसीए 1, दुबई)

## तारिणी सूरी को टूर्नामेंट का मिला दोहरा खिताब



**मुंबई।** मुंबई की तारिणी सूरी ने हैदराबाद में हुए कोटक इंडिया जूनियर अंडर-19 अंतरराष्ट्रीय बैडमिंटन टूर्नामेंट के लड़कियों के युगल और मिश्रित युगल वर्ग का खिताब जीता। टूर्नामेंट का आयोजन हैदराबाद की गोपीचंद बैडमिंटन अकादमी में किया गया। सत्रह साल की तारिणी ने श्रावणी वालेकर के साथ मिलकर लड़कियों के युगल फाइनल में केयला पुत्री और मिशा वारडोयो की इंडोनेशिया की जोड़ी को 21-10, 21-15 से हराया। तारिणी और भव्या छाबड़ा ने इसके बाद मिश्रित युगल फाइनल में उलटफेर करते हुए अतावुत श्रीपीव और पनावी पोलयिआम की थाईलैंड की शीर्ष वरीय जोड़ी को 21-13, 19-21, 21-14 से हराकर खिताब जीता। तारिणी उस भारतीय टीम का भी हिस्सा हैं जो 30 सितंबर से चीन के नानचैंग में विश्व जूनियर

यूएई की परिस्थितियां टीम के लिए फायदेमंद होगी

# टी20 विश्व कप में आखिरी बाधा पार करेंगे : हरमनप्रीत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

कप्तान हरमनप्रीत कौर आशावादी हैं कि भारत आगामी आईसीसी महिला टी20 विश्व कप के दौरान अपना पहला वैश्विक खिताब जीतेगा। उन्होंने कहा कि यूएई की परिस्थितियां उनकी टीम के लिए फायदेमंद होंगी। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने बांग्लादेश में राजनीतिक अस्थिरता को देखते हुए तीन से 20 अक्टूबर तक होने वाले महिला टी20 विश्व कप को यूएई में स्थानांतरित कर दिया था।



### 2020 में भारत ने फाइनल में जगह बनाई थी

हरमनप्रीत 2020 टी20 विश्व कप में भी भारत की कप्तान थीं जब टीम ने फाइनल में जगह बनाई थी। उन्होंने कहा, ''हम देखेंगे कि (वहां) परिस्थितयां कैसी रहती हैं और जितना जल्दी हो हालात से सामंजस्य बैठाने का प्रयास करेंगे।''परिस्थितियां चाहे जैसी भी हों, हरमनप्रीत चाहती हैं कि टीम विश्व कप में 'सकारात्मक' खेल दिखाए।

### अंतिम बाधा पार करने में होंगे सफल

हरमनप्रीत ने कहा, ''जब भी हम इस तरह के मंच (विश्व कप) पर खेलते हैं तो हम हमेशा अच्छा प्रदर्शन करना चाहते हैं। हमने अतीत में भी हमेशा अच्छा प्रदर्शन किया है और उम्मीद करते हैं कि इस बार हम अंतिम बाधा को पार करने में सफल रहेंगे और खिताब जीतेंगे।'' हरमनप्रीत को मंगलवार को टी20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम का कप्तान नियुक्त किया गया।

### आयोजन स्थल के बदलाव को तवज्जो नहीं

पैंतीस साल की हरमनप्रीत ने टूर्नामेंट के आयोजन स्थल में बदलाव को अधिक तवज्जो नहीं दी और कहा कि यूएई की परिस्थितियां भारत से काफी मिलती-जुलती हैं। उन्होंने कहा, ''हमने यूएई में काफी क्रिकेट नहीं खेला है। लेकिन यूएई की परिस्थितियों भारतीय परिस्थितियों के समान होंगी।''




# कैंसर ने बदल डाली महिला की जिंदगी, पूरी लाइफ पर हुआ ऐसा अफसोस

एजेंसी ▶▶| मेलबर्न

एक महिला ने लोगों को समय की कीमत पहचाने के लिए बहुत ही अनूठा संदेश दिया है। यह कहानी उस महिला की है जो सेहतमंद जिंदगी जी रही थी। फिर अचनाक स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं ने ऐसा रूप लिया कि उन्हें पता चला कि उन्हें जानलेवा कैंसर है। आज उन्हें पता नहीं है कि उनके पास कितना वक्त है, लेकिन लोगों को कैंसर अनुसंधान और समय के महत्व का अहसास कराने के लिए उन्होंने अनूठा तरीका निकाला है।

■ नीलामी पर लगा दीं अपनी आखिरी सांसें

### अनूठे काम की वजह से चर्चा में

मेलबर्न निवासी एमिली लेहे उन हजारों ऑस्ट्रेलियाई लोगों में से हैं जो इस वास्तविकता का सामना करते हैं। 31 वर्षीय एमिली एनयूटी कार्सिनोमा से पीड़ित हैं। यह एक दुर्लभ, आक्रामक कैंसर है जिसमें इंसान औसतन केवल छह से नौ महीने तक जिंदा रह सकता है। अब वे अपने अनूठे काम की वजह से चर्चा में हैं। लेहे इस सप्ताह के अंत सिडनी में अजनबियों को अपने कीमती बचे हुए समय के कुछ हिस्सों को एक जीवंत कलाकृति, टाइम टू लिव के हिस्से के रूप में नीलाम कर रही हैं। जैसे ही लोग लेहे के साथ समय बिताते हैं, एक टाइमर का एक प्रभावशाली प्रक्षेपण तीन मिनट से उल्टी गिनती करता है, उनके साथ बिताए गए पलों को टिक करता है।




### साइनसाइटिस और सिरदर्द से जूझती रहीं

'जीवन में एक बार' वाले इस अनुभव का मकसद टर्मिनल डायग्नोसिस वाले किसी व्यक्ति के साथ रहने या उससे जुड़े होने के भावनात्मक और मनोवैज्ञानिक भार को उजागर करना है, साथ ही कैंसर अनुसंधान की अहमियत पर जोर देना है। 27 साल की उम्र में अपने रोग का पता चलने से पहले, लेहे फिट और स्वस्थ थीं। उन्हें कहीं से भी यह नहीं लग रहा था कि उन्हें कैंसर जैसा रोग भी हो सकता है। वह लंबे समय तक साइनसाइटिस और सिरदर्द से जूझती रहीं, तभी डॉक्टरों को एहसास हुआ कि उसके सामान्य लक्षण कुछ और ही भयावह थे।

### डॉक्टरों को नहीं पता कितना समय बचा है

स्कैन में उसके साइनस और खोपड़ी की हड्डी में 'क्रिकेट की गेंद के आकार का' एक चीज पाई गई जो एक लाइलाज और कम समय तक मरीज को जिंदा रखने के लिए जाना जाता है। डॉक्टरों को नहीं पता कि लेहे के पास कितना समय बचा है। यह सब कुछ लेहे के मुताबिक एक रोलरकोस्टर की तरह था। यह ऐसा समय था जब वो अगले दिन, सप्ताह के अंत, अगले महीने के बारे में सोचने के लिए भी संघर्ष करती थीं।

## रोचक खबरें

### रिकॉर्ड : 102 साल की दादी ने बर्थ डे पर 7,000 फीट की ऊंचाई से लगाई छलांग

**लंदन।** इंसान अगर कुछ करना चाहता है तो वह किसी भी उम्र में कुछ भी कर सकता है। उम्र उसके रास्ते का बाधा नहीं बन सकती। इस बात का उदाहरण 102 साल की दादी हैं। 102 साल की ये दादी ब्रिटेन की रहने वाली हैं। इनका नाम मैनेट बैली है। इन्होंने अपने 102वें जन्मदिन पर 7,000 फीट की ऊंचाई से छलांग लगाकर स्काइडाइवर का रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। इसका वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। लोग इससे काफी प्रभावित हो रहे हैं और दादी की तारीफ कर रहे हैं।



वायरल वीडियो में बैली को उनके ट्रेनर के साथ जहाज से बाहर कूदते हुए देखा जा सकता है। वीडियो में नीला आसमान बेहद खूबसूरत नजर आ रहा है। वीडियो के आखिर में बैली बेहद शानदार तरीके से लैंडिग करते हुए नजर आ रही हैं। यह वीडियो दिल जीत लेने वाला है। डेली मेल ने इस वीडियो को इंस्टाग्राम शेयर करते हुए लिखा कि 102 साल की महिला ने जहाज से नीचे कूदकर अपना जन्मदिन मनाया। मैनेट बैली को निडर और साहसी हैं। वे 7,000 फुट की ऊंचाई जंप करने वाली ब्रिटेन की सबसे उम्रदराज स्काइडाइवर बन गईं हैं। वीडियो वायरल होने के बाद यूजर्स ने दादी के साहस की तारीफ की। यूजर्स ने तरह-तरह के रिएक्शन दिए। एक ने लिखा, 'वाह.. मैं उनके लिए बहुत खुश हूं.. सच में मुझमें इतनी हिम्मत नहीं है।' एक अन्य यूजर ने लिखा, 'मैं उनकी आधी उम्र का हूं और इसे देखकर मुझे लगता है कि मेरी हड्डियां चरमरा रही हैं!'

### वैज्ञानिकों ने बनाई : बाल के आकार जितनी पतली बैटरी, शरीर में फिट होकर ये काम करेंगी

**न्यूयार्क।** आपने अब तक अलग-अलग प्रकार और साइज की बैटरी देखी होगी। लेकिन, हाल ही में अमेरिकी वैज्ञानिकों ने बाल के आकार की बैटरी विकसित की है। यह बैटरी दशमलव (.) जैसे आकार के रोबोट को शक्ति देने का काम कर सकती है। यह एक जिंक-एयर बैटरी है, जो अपने आस-पास से ऑक्सीजन को पकड़कर जिंक की छोटी मात्रा को ऑक्सीकृत करती है। इस प्रक्रिया से 1 वोल्ट तक पावर सप्लाई पैदा हो सकती है। यह बैटरी ऊर्जा सेंसर या एक छोटी रोबोटिक भुजा जैसी चीजों को पावर दे सकती है, जो डायबिटीज से पीड़ित व्यक्ति की कोशिकाओं में सीधे इंसुलिन जैसे पदार्थों को पहुंचाने में मदद कर सकता है। वैज्ञानिक लंबे समय के लिए इस कोशिका के आकार के रोबोट 'मैरियोनेट्स' को शरीर में विशिष्ट स्थानों पर दवाएं पहुंचाने के लिए तैयार कर रहे हैं। लेकिन, इसके लिए इन रोबोट्स को लंबे समय के लिए शक्ति प्रदान करना चुनौती साबित हो रहा है। इसके लिए कई मौजूदा डिजाइन सौर ऊर्जा का इस्तेमाल करते हैं। यानी उन्हें या तो सूर्य के प्रकाश के संपर्क में जाना पड़ेगा या लेजर के जरिए नियंत्रित किया जा सकता है। हालांकि, दोनों में से कोई भी शरीर में बहुत अंदर तक जाकर काम नहीं कर सकता है।



खास

# दुनिया का इकलौता होटल, दीवार हो या टॉयलेट, हर चीज पर लगा है सोना

वहां जाकर होती है राजा-महाराजा वाली फीलिंग

एजेंसी ▶▶| न्यूयार्क


दुनिया में बहुत सी ऐसी जगहें हैं, जिन्हें हम वहां मौजूद किसी खास चीज़ के लिए जानते हैं। कुछ जगहों को शानदार बीच की वजह से तो किसी को सुंदर इंफ्रास्ट्रक्चर की वजह से पहचाना जाता है। आज हम आपको एक ऐसी जगह के बारे में बताएंगे, जो अपने सुनहरे होटल की वजह से चर्चा में रहती है। यहां एक आलीशान होटल खुला, जिसकी हर एक चीज़ सोने से कोटेड है।

आपने कई होटलों को अपनी अजीबोगरीब बनावट की वजह से मशहूर होते देखा होगा, लेकिन एक ऐसा होटल वियतनाम की राजधानी हनोई में खुला है, जहां हर चीज़ गोल्डेन है। इस होटल के दरवाजे, खिड़कियां, फर्नीचर, नल, और टॉयलेट समेत हर चीज़ को बनाने में सोने का इस्तेमाल किया गया है। यहां जाकर आपको राजा-महाराजा वाली फीलिंग आएगी क्योंकि इस होटल में खाने के बर्तन भी सोने के बने हुए हैं।

**25** मंजिला फाइव स्टार होटल

**20000** हजार रुपए शुरुआती किराया

**400** कमरें, कर्मचारियों का ड्रेस कोड भी गोल्डन



### कहां है सोने का होटल?

हम जिस अजूबे होटल की बात कर रहे हैं, वो वियतनाम की राजधानी हनोई में बना हुआ है। इसका नाम डोल्से हनोई गोल्डन है। कुल 25 मंजिल वाले इस फाइव स्टार होटल में कुल 400 कमरे हैं। खास बात तो ये है कि अंदर ही नहीं, होटल की बाहरी दीवारों पर भी 54,000 वर्ग फीट में गोल्ड प्लेटेड टाइल्स लगाई गई हैं। लॉबी से लेकर फर्नीचर और साज-सज्जा के समानों पर भी सोने की कारीगरी की गई है। और तो और कर्मचारियों का ड्रेस कोड भी रेड और गोल्डन रखा गया है।



### बाथरूम में भी सोने की कारीगरी

यहां मौजूद कमरों में फर्नीचर और साज-सज्जा के समानों पर गोल्ड की प्लेटिंग की गई है। बाथटब, सिंक, शॉवर से लेकर सभी एक्सेसरीज भी गोल्ड से बनी हुई हैं। होटल की छत पर बने इंफिनिटी पूल की बाहरी दीवार भी गोल्ड प्लेटेड ईंटों से बनी है। डोल्से हनोई गोल्डन लेक में रूम्स का शुरुआती किराया करीब 20 हजार रुपए हैं, जबकि डबल बेडरूम सुइट में एक रात रुकने की किराया करीब 75 हजार रुपए है। इस होटल में कुल 6 तरह के कमरे और सुइट मौजूद हैं। वहीं, प्रेसिडेंशियल सुइट में एक रात रुकने के लिए 4.85 लाख रुपए खर्च करने होंगे।

# चांद पर रहने के लिए चीन ने किया कमाल

**बीजिंग।** चांद पर बसने की तैयारी के नतीजे कुछ-कुछ आने लगे हैं। आपको अगर इस पर यकीन नहीं हो तो, आपको बता दें कि चीन इस दिशा में एक बड़ा कदम बढ़ाता हुआ दिख रहा है। जी हां, लंबे समय से वैज्ञानिक चंद्रमा को इंसानों के लिए एक आवास बनाने के तरीके खोजने की कोशिश कर रहे हैं। ऐसा आवास जिसमें जीवन के लिए जरूरी स्थायी संसाधन हों। चीनी वैज्ञानिक अब चंद्रमा की मिट्टी का उपयोग करके चंद्रमा पर पानी बनाने के लिए एक प्लांट ही तैयार करने की कोशिश कर रहे हैं।

■ चंद्रमा की मिट्टी से ही होगा बड़े पैमाने पर पानी का उत्पादन!

यह कोई छोटा सा प्रयोग नहीं, बल्कि एक तरह से यह एक वाटर प्लांट लगाने की तैयारी जैसा होगा। पानी के कुछ संकेत मिलने के बाद, वैज्ञानिकों ने पानी का उत्पादन करने का प्रयास किया है जो प्राकृतिक उपग्रह पर जीवन को जीवित रख सकता है।



### विद्युत रासायनिक रूप से हाइड्रोजन और ऑक्सीजन में तोड़ सकते

'हमने अपने अध्ययन में चांग ई-5 मिशन द्वारा लाए गए चंद्र रेगोलिथ नमूनों का उपयोग किया, ताकि चंद्रमा पर पानी बनाने का तरीका खोजा जा सके।' प्रयोगों में, यह देखा गया कि विशेष रूप से डिजाइन किए गए अवतल दर्पणों का उपयोग करके 1,200 **K** से ऊपर गर्म किए जाने पर, एक ग्राम पिघले हुए चंद्र रेगोलिथ का निर्माण हुआ, जो लगभग 51 से 76 मिलीग्राम पानी का उत्पादन कर सकता है। एक टन चंद्र रेगोलिथ 50 किलोग्राम से अधिक पानी का उत्पादन कर सकता है जो पीने के पानी की सौ 500-एमएल बोतलों के बराबर है। चंद्रमा की मिट्टी का उपयोग करके पानी पैदा करने वाले वैज्ञानिक इसे विद्युत रासायनिक रूप से हाइड्रोजन और ऑक्सीजन में तोड़ सकते हैं, जो चंद्र निवासियों के लिए सांस लेने योग्य हवा और अक्षय ऊर्जा स्रोत दोनों दे सकता है।


# बैंक को हिंदी में क्या कहते हैं? जब पूछा गया तो सिर खुजाते रह गए लोग

**नई दिल्ली।** कुछ शब्द ऐसे होते हैं, जो आते तो दूसरी भाषा से हैं लेकिन हमारी ज़िंदगी में यूं रच-बस जाते हैं कि हम अंतर ही नहीं कर पाते। एक ऐसा ही शब्द है – बैंक, जिसे हम अपनी रोज़ाना की बातचीत में शामिल करते हैं, लेकिन ये नहीं जानते हैं कि इस शब्द का हिंदी में भी एक मतलब होता है। इस वक्त जो वीडियो वायरल हो रहा है, उसमें एक लड़की सड़क पर लोगों से पूछ रही है कि बैंक को हिंदी में क्या कहा जाता है? वो कई लोगों से ये यही सवाल करती है। दिलचस्प ये है कि इस सवाल को पूछते ही लोग अपना सिर खुजाने लगे और उन्हें कुछ समझ ही नहीं आया। कुछ लोग सवाल सुनकर ही शॉक्ड हो जाते तो कुछ सोच में पड़ जाते हैं। एक लड़की ने तो बैंक को खाता बता दिया। इसी तरह अलग-अलग लोग इस पर अपना-अपना रिएक्शन देते हैं। वीडियो पर लोगों ने कमेंट करते हुए अपने-अपने मुताबिक बैंक शब्द की हिंदी बताई है। कुछ लोगों ने बैंक की हिंदी शाखा बता दी तो कुछ ने कहा – 'अभी लंच टाइम है, बाद में आना।' हालांकि बहुत से लोगों ने इसका सही अर्थ 'अधिकोष' भी बताया है।













हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com